ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा- हमने उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की।

### डेलिगेशन ने दुनिया को दिया संदेश

1. **आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस :** इसमें बताया कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने इसे खुद के खिलाफ हमला माना और पलटवार किया।
2. **पाक आतंक का समर्थक :** सांसद कुछ सबूत लेकर गए, जिनमें उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका थी। इससे पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद लेकर गए थे।






कलेक्टर ने टाइम लिमिट बैठक में अफसरों को दी हिदायत

# एक हफ्ते में कराना पड़ेगी बीपीएल परिवारों का सौ फीसदी ईकेवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक हफ्ते में अभियान चलाकर बीपीएल परिवारों के सभी सदस्यों की सौ फीसदी ईकेवायसी कराई जाए, जिससे पीडीएस के राशन में पारदर्शिता लाई जा सके। अगर उपभोक्ता ईकेवायसी नहीं करा रहे हैं, तो उनका नाम पात्रता परिवार से हटाया जाए। यह बात सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खाद्य विभाग के अफसरों को दी। उन्होंने आरटीओ को भी हिदायत दी कि वह स्कूल और कॉलेज बसों की नियमित जांच करें। दरअसल 15 जून से स्कूल खुल जाएंगे, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा सबसे आगे रहना चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल के पहले तैयारी के लिए वैज्ञानिक तकनीक के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की बात कही।

### चौराहों और सड़कों से हटाएं अतिक्रमण

नगर निगम और एसडीएम बैरसिया से कहा कि मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए। इसके साथ ही जिले में आरटीओ द्वारा वाहनों की फिटनेस और अन्य पैरामीटर पर जांच अभियान चलाए जाने के की बात कही।

बड़ी संख्या में ली नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता

# प्रदेश में जनाधार बढ़ाने में जुटा अपना दल (एस), नए सदस्य हो रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी के बीच एनडीए का सबसे पुराना घटक अपना दल (एस) तेजी से अपनी पकड़ मजबूत करता नजर आ रहा है। बीते दिनों पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव (युवा मंच) डॉ. अखिलेश पटेल के साथ मिलकर प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में पार्टी संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यकर्ता सम्मेलनों और सदस्यता अभियानों की श्रृंखला चलाई, जिसमें बड़ी संख्या नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इंदौर, भोपाल, सागर, छतरपुर, खजुराहो, पन्ना, सतना, देवास, धार व उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता करते हुए डॉ अतुल मलिकराम ने स्पष्ट किया कि अपना दल (एस) का लक्ष्य सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि सत्ता में सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव, घर-घर तक पार्टी की विचारधारा को लेकर जाएं और हर स्तर पर आमजन से जुड़ाव स्थापित करें। कार्यक्रमों के दौरान डॉ मलिकराम ने कई बार इस बात पर जोर दिया कि पार्टी द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को तन, मन से निभाना ही सच्ची निष्ठा है। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में अपना दल (एस) के प्रतिनिधि सदन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रदेश में बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच अपना दल (एस) की यह सक्रियता साफ संकेत देती है कि पार्टी अब संगठन विस्तार के साथ-साथ नीति और नेतृत्व के स्तर पर भी गंभीरता से काम कर रही है। रणनीतिक भूमिका और नेतृत्व में यह अभियान पार्टी के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।

# तेज रफ्तार कार-बाइक में आमने सामने की भिड़ंत, बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चापा

जांजगीर चांपा जिले के खोखसा ओवर ब्रिज के ऊपर कार और बाईक में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई है। हादसे में बाइक में सवार एक युवक और नाबालिग बालक घायल हुए है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया है। मोटर साइकिल का किश्त पटाने के बाद घर लौटते समय यह हादसा हुआ है। वही कार में सवार दो लोगों हल्की चोट आई हैं। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। मिलीं जानकारी के अनुसार ग्राम लछनपुर के रहने वाला युवक दीपक कश्यप 18 वर्ष और 15 वर्ष का नाबालिक लड़के के साथ एक बाइक में सवार होकर जांजगीर गाड़ी का किश्त की राशि पटाने से थे। जिसके बाद अपने गांव वापस लौट रहे थे वहीं चांपा की ओर से कॉलेज का प्रोफेसर अपने ड्राइवर के साथ जांजगीर की ओर आ रहे थे। दोनो की रफ्तार तेज थी इस बीच कार और बाईक में आमने -सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास, समाज का देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान

# जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। जनजातीय समाज के अनेक नायकों ने अपना बलिदान देकर जल, जंगल, जमीन एवं अंग्रेजों से लड़कर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं और जिनके पट्टे नहीं बने हैं, जांच कराकर पट्टा देने का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्यौहारी में राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 330 करोड़ रूपए लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण ओर 52 कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी देशभक्त जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल में प्रतिमा तथा बाणसागर जलाशय में बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्क्रम में शामिल करने तथा 13 जिलों में कन्या शिक्षा परिसरों का नाम माता शबरी के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के बेटा, बेटियों की शिक्षा तथा कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी। प्रदेश के सभी संभागों में 24-24 करोड़ के लागत वाले 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे।

- जहां कोल जनजाति निवास करती है, वहां जांच कर जमीन के पट्टे दिए जाएंगे
- बाणसागर परियोजना के सरसी आईलैंड में जल पर्यटन का किया जाएगा विकास
- भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में होगी शामिल



प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

## प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश को 2029 में भी प्राप्त होगा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार की ओर से उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान का दौर भारत का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री मोदी ने जो कार्य किए हैं वह, न भूतो न भविष्यति। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है की वर्ष 2029 में भी देश को नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के मानस को साथ जोड़ते हुए वैश्विक पटल पर भारत की विशेष पहचान बनाई है। वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने रूस से सस्ता पेट्रोल लेने के साथ ही इजराइल और अमेरिका से सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक से देश को लैस किया।*

## कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम निर्माण से बढ़ेगी भोपाल की आभा और कीर्ति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल, सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। सम्राट विक्रमादित्य सहित भारतीय संस्कृति से जुड़े सभी गौरवशाली पक्षों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैंची धाम वाले नीमकरोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम का विमोचन भी किया।

## कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मेरा और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 80 करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। मुख्यमंत्रीने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की।

## शीलू अस्थाना का निधन कायस्थम ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** भोपाल दूरदर्शन केंद्र की पूर्व समाचार वाचक, एंकर और



अपेक्स बैंक में कार्यरत शीलू अस्थाना का कैंसर की लंबी बीमारी के बाद सोमवार को दुखद निधन हो गया। शीलू अस्थाना कायस्थम के कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना की छोटी बहन थीं। शीलू का अंतिम संस्कार सोमवार शाम भदभदा विश्राम घाट पर किया गया तथा शोक सभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कायस्थम मध्यप्रदेश ने शीलू अस्थाना को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## चेक बाउंस के दोषी को 6 माह की जेल

**भोपाल।** चेक बाउंस प्रकरण के आरोपी विकास सिंह बघेल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत याज्ञनिक ने दोषी ठहराते हुए 6 माह के सश्रम कारावास और 5 लाख 23 हजार 300 रुपए का प्रतिकर परिवादी को अदा किए जाने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को न्याय शुल्क और अधिवक्ता शुल्क के लिए 20 हजार रुपए पृथक से परिवादी को भुगतान करने के आदेश पारित किए हैं। परिवादी विनोद सिंह परिहार से आरोपी ने अपनी निजी जरूरत के लिए 4 लाख रुपए उधार लिए थे। आरोपी ने उधार लिए गए रुपए वापस लौटाने के लिए परिवादी को 4 लाख रुपए के दो चेक दिये थे।

# तोमर ने कहा-हमारा देश विश्व की अर्थव्यवस्था में चौथा स्थान रखता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारा देश विश्व की अर्थव्यवस्था में चौंथा स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी की 100 वीं वर्षगांठ पर भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला देश बनें, इसमें सभी लोगों का योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ग्राम लड़ावद में पुल एवं सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान ग्राम लड़ावद की सड़क एवं पुल की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर का स्वागत किया। तोमर ने ग्राम लड़ावद में 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली पुलिया एवं 4 करोड़ 86 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। तोमर ने कहा कि इसका श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री राकेश सिंह व अन्य नेताओं को जाता हैं, पुल एवं सड़क की स्वीकृति में इनका योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास एवं आर्थिक उन्नति के अनेक कार्य हो रहे हैं। किसानों एवं माता-बहनों के लिए सम्मान निधि दी जा रही है, ताकि उनकी आर्थिक क्षमता बढ़े, परिवार का लालन-पालन हो एवं साहुकारों के कर्ज से छुटकारा मिले।

## जनजातीय कार्य विभाग ने स्थानांतरण को लेकर दायर की केविएट

**भोपाल।** कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। स्थानांतरण को लेकर अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों द्वारा संभावित न्यायालयीन रिट याचिकाओं को ध्यान में रखते हुए विभाग ने हाई कोर्ट जबलपुर के साथ खंडपीठ इंदौर और ग्वालियर में शासन के पक्ष में केविएट दायर की है। विभाग ने अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षकों को इस संदर्भ में सूचित किया है कि उनके द्वारा दायर किये जाने वाले संभावित न्यायालयीन प्रकरणों में शासन का पक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा।

## एमवीएम पूर्व विद्यार्थी संगठन के चुनाव स्थगित

**भोपाल।** शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन के आगामी 11 जून को होने वाले नवीन कार्यकारिणी के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। उपाध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि 3 साल के लिए गठित की जाने वाली नवीन कार्यकारिणी की निर्वाचन प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

निर्वाचन संबंधी अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह निर्णय एमवीएम पूर्व विद्यार्थी की कार्यकारिणी की सोमवार को सम्पन्न बैठक में लिया गया।

## पन्ना में तहसीलदार 3 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

**भोपाल।** सागर लोकायुक्त की टीम ने पन्ना जिले में रैपुरा तहसीलदार चंद्रमणि सोनी को रिश्वत लेते ट्रैप किया है। तहसीलदार ने एक परिवार की पैतृक जमीन से कब्जा हटवाने के लिए 9 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। मामला दमोह जिले के कल्याण सिंह लोधी और उनकी पत्नी द्रौपदी बाई से जुड़ा है। द्रौपदी बाई की पैतृक जमीन पन्ना जिले के रैपुरा तहसील के पिपरिया कला गांव में है।

इस जमीन पर उनके रिश्तेदारों ने कब्जा कर रखा था। कब्जा हटवाने के लिए 26 दिसंबर 2024 को तहसीलदार की अदालत में धारा 250 भू राजस्व संहिता के तहत वाद दायर किया गया था। तहसीलदार ने इस मामले में आदेश करने के लिए 9 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उन्होंने पहले अपने निजी वाहन चालक इंद्रपाल सिंह लोधी के माध्यम से 4 हजार रुपए ले लिए, लेकिन कोई आदेश नहीं मिलने पर कल्याण सिंह ने सागर लोकायुक्त एसपी से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा के निर्देश पर निरीक्षक रोशनी जैन ने पहले शिकायत का सत्यापन किया। सोमवार को तहसीलदार को उनके शासकीय आवास में 3 हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी तहसीलदार पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उठाया कदम



# स्थाई वारंटी नक्सली ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

जिले में सोमवार को एक स्थायी वारंटी नक्सली सुकालू राम नाग ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

सुकालू पूर्वी बस्तर डिवीजन के अंतर्गत आमदई एलओएस में सहयोगी सदस्य के रूप में कार्यरत था और वर्ष 2003 से 2025 तक विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रोत्साहन राशि के रूप में 50 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य लाभों के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया गया है। सुकालू नाग पर थाना मर्दापाल में वर्ष 2018 के एक गंभीर मामले में स्थायी वारंट लंबित था। उस पर ग्राम तुमड़ीवाल निवासी एक ग्रामीण को जनअदालत लगाकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा घर से लाखों का सामान लूटने का आरोप है। आत्मसमर्पण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शंकर लाल बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, सिविक एक्शन कार्यक्रमों और सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाई के चलते माओवादियों में भय का माहौल है और वे संगठन छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

सुबह चार बजे की घटना, राजहरा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

# चलते-चलते ट्रैक पर सो गए मजदूर, दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

तेज रफ्तार ट्रेन के चपेट में आने से दो युवकों की मौत और दो गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। ये रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे, इसी दौरान हादसा हुआ है। सुबह-सुबह चार बजे की यह घटना बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजहरा थाना क्षेत्र की यह पूरी घटना है। कुसुमकसा के पास की। सभी युवक झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो कि बालोद मजदूरी करने आए थे। युवकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां सड़क के बाजे ये रेल मार्ग में पैदल सफर कर रहे थे। बालोद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने बताया कि सुबह लगभग 4 बजे की यह घटना है और यह सभी झारखंड के मजदूर हैं और यह रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे। जहां यह थक्कर वहीं पर सो गए थे। इसी दौरान ट्रेन आते देखी तो एक युवक ने आवाज लगाई तो दो लोग उठकर भागने में सफल हुए जो घायल हैं। वहीं दो लोग भाग नहीं पाए या समय रहते नहीं उठ पाए तो वह ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मृत्यु हो गई। सभी को जिला अस्पताल लाया गया है और दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र की यह घटना है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। यूको का झुंड है जो की रोजी मजदूरी करने यहां पर आया हुआ था उक्त घटना के बाद अब झारखंड उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है वही खबर लिखे जाने तक योगी के सिंहगड संबंधी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है और सब को पंचनामा के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं जो घायल युवक हैं उनका इलाज किया जा रहा है। यह मजदूर कहां से हैं कि ठेकेदार के पास जा रहे थे सारी जानकारी पुलिस खंगाल रही है।

हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर कराई गई जांच, मचा हड़कंप

# छग हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हाईकोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट पर धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बातें कही गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच कराई गई, लेकिन इस दौरान कहीं कुछ नहीं मिला। धमकी मिलने के बाद अचानक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक ईमेल संदेश ने सबको चौंका दिया, जिसमें कहा गया था कि कोर्ट परिसर में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी बम लगाया गया है।

ये ईमेल किसी 'मद्रास टाइगर्स फॉर अजमल कसाब' नामक संगठन के नाम से आया था। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ-साथ बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को तुरंत हरकत में आना पड़ा। यह धमकी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर नोटिस बोर्ड के रूप में दिखाई दी। जैसे ही यह सूचना मिली, प्रशासन ने तुरंत कोर्ट परिसर को खाली कराया और सभी न्यायाधीशों, वकीलों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। हाईकोर्ट में समर वेकेशन के बाद सोमवार से कामकाज शुरू हुआ। इस दौरान कोर्ट परिसर में जजों के साथ ही वकील और पक्षकार भी मौजूद थे। तभी दोपहर बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वेबसाइट पर ईमेल के माध्यम से धमकी भरा मेसेज मिला, जिसमें हाईकोर्ट में बम लगाने और परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई। मेसेज देखकर हाईकोर्ट के प्रोटोकॉल अफसर ने इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को दी गई। जिसके बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई। ईमेल से भेजे गए मेसेज में संवेदनशील मुद्दों का उल्लेख किया गया था।



### अमोनियम सल्फर आधारित आईआईडी लगाए जाने की धमकी

इनमें अजमल कसाब को फांसी देने और कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेने जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए इसे एक 'पवित्र मिशन' बताया गया। ईमेल में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी कोर्ट परिसर में लगाए जाने का दावा किया। धमकी मिलने के बाद एहतियातन कोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच अभियान चलाया गया। मामले को लेकर बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।

## साधारण सभा की बैठक में नेताप्रतिपक्ष ने उठाया मुद्दा

# शौचालय निर्माण में घोटाले के आरोप से गूंजा सदन

**जबलपुर।**

नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में एजेंडे में शामिल सभी 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिये गये। अन्य विषयों में अध्यक्ष की सहमति से डोर टू। कलेक्शन और जल संकट पर कल गुरुवार दोबारा चर्चा होगी। 18 प्रस्तावों में जनहित से जुड़े मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यद्यपि गंदगी पर 50 हजार से 1 लाख का जुर्माना लगाने के मुद्दे पर विपक्ष ने स्पष्टीकरण मांगा जिसपर सत्तापक्ष की ओर से जवाब दिया गया की सड़क पर मलबा फैलाने वालों और प्लास्टिक उद्योग उत्पादन आयात भंडारण वितरण पर यह जुर्माना लागू होगा।

**हंगामें के बीच बैठक कल तक के लिये स्थगित**

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने जोन नम्बर 13 और 14 लोक निर्माण विभाग डिवीजनल इंजीनियर नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर उपसचेतक आयोध्या तिवारी ने तंज कसते हुये कहा की आप इंजीनियर की बात कर रहे यहां सवा साल से आधी अधूरी एमआईसी है। यह किसी का व्यक्ति विशेष मामला नहीं है, भगवान भरोसे सब चल रहा है। इसी तरह वाटर हारवेस्टिंग सबसे पहले निगम मुख्यालय में लगाने की मांग उठाई गई। बड़े नालों की सफाई के लिये मात्र 2 सुपर सकर मशीन उपलब्ध होन पर भी सवाल खड़े किय गये। पार्षद आयोध्या तिवारी ने कहा की शहर में 16 जोन हैं, कम से कम 8 मशीन तो होनी ही चाहिये।

### यह प्रस्ताव हुये पारित

वहीं बैठक में घमापुर सड़क चौड़ीकरण हेतू भूमिअधिग्रहण मुआवजा मंजूर किया गया। वहीं आशीष हास्पिटल से मदन महल स्टेशन मार्ग शरद चंद तिवारी के नाम किये जानें, धर्मायतन जिन मंदिर के मार्ग को भगवान महावीर स्वामी मार्ग, इसी तरह करमेता पाटन रोड मार्ग पर स्थित ज्ञनयातन जिन मंदिर प्रवेश मार्ग को भगवान आदिनाथ के नामकरण किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा रविशंकर शंकर शुक्ल स्टेडियम मार्केट में दुकानों के किराए वृध्दि के प्रस्ताव, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गंदगी फैलाने पर जुर्माने सहित अन्य विषयों पर प्रस्ताव पास हुये। जिसके बाद बैठक गुरुवार 12 मई तक के लिये स्थिगित कर दी गई।






नगर निगम की साधारण सभा की बैठक सोमवार को पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष रिंकुज विज, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', और नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह, पत्रकार महेश महदेले, पार्षद जितेंद्र कटारे की नानी और पार्षद राहुल साहू के पिता सहित दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा।

### स्वच्छता अभियान में फर्जीवाड़े का आरोप

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के एक आरोप ने सदन में हलचल मचा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 5-6 वर्ष पूर्व स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालयों में बड़ा घोटाला हुआ है। उनके अनुसार अधिकांश शौचालय केवल कागजों पर बने और करोड़ों रुपये का गबन हुआ। जिन लोगों के नाम पर शौचालय बनाए गए, उनके नाम और मोबाइल नंबर भी फर्जी पाए गए हैं।भाजपा पार्षद कमलेश अग्रवाल और जल प्रभारी दामोदर सोनी ने भरोसा दिलाया कि यदि शिकायत सही पाई गई, तो दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गंदगी फैलाने पर जुर्माने का प्रस्ताव

सदन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एक नया प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने का नियम लाने की बात कही गई। नेता प्रतिपक्ष ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा ही ठप है, तो लोग मजबूरी में कचरा बाहर फेंक रहे हैं। ऐसे में उन पर जुर्माना लगाना अन्यायपूर्ण होगा। इसके बाद जल प्रभारी द्वारा परिपत्र पढ़कर स्थिति स्पष्ट की गई।

### सदन के बाहर प्रदर्शन

सदन के भीतर जहां विकास की बात हो रही थी, वहीं बाहर हकीकत कुछ और थी। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले कर्मचारी पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण प्रदर्शन कर रहे थे। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के नागरिक जल संकट को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इससे स्पष्ट है कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान अब भी अधूरा है।

नगर निगम पहुंचे नागरिकों ने नियमित जलापूर्ति की मांग की और महापौर एवं दोषियों के विरोध में नारेबाजी की। जनता के समर्थन में पार्षदों को बैठक बीच में छोड़कर सदन से बाहर आना पड़ा। जनता मुखर हुई तो महापौर को भी बैठक में जारी चर्चा को बीच में छोड़कर बाहर आना पड़ा। जनता से मुखातिब महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जनता की समस्याओं को सुना और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया।

### सफाई कर्मियों ने एजेंसी पर लगाए गंभीर आरोप

नगर निगम की सफाई की जिम्मेदारी देख रही एजेंसियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बीते तीन महीने से पारिश्रमिक से वंचित सफाई कर्मियों ने नगर निगम पहुंचकर नारेबाजी की और महापौर से बकाया पारिश्रमिक तत्काल प्रदान करने की गुहार लगाई। बाबा बर्फानी एजेंसी पर सफाई कर्मियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्ज लेकर घर चला रहे स्वच्छता कर्मियों की बात सुनने के बाद महापौर ने उनको तीन दिन में पारिश्रमिक का भुगतान प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

---

**रविन्दनाथ टैगोर वार्ड का निरीक्षण जनता की समस्याएं सुनी**

# खूनी नाले की समस्या पर विधायक ने दिए कार्यवाही के निर्देश



**जबलपुर।** रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड की जलप्लावन समस्या और खूनी नाले के गंदे पानी से क्षेत्र में जनता को होने वाली परेशानी पर संज्ञान लेकर विधायक लखन घनघोरिया क्षेत्र का निरीक्षण नगर निगम अधिकारियों को तत्काल यहां साफ सफाई और पानी का अवरोध दूर करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हर साल बारिश के मौसम में नाले का गंदा पानी घरों में भर जाता है, जिससे नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया ने क्षेत्र का निरीक्षण कर नगर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि खूनी नाले के ऊपर एक स्कूल बना है, जहां पढ़ने वाले बच्चों का जीवन खतरे में है। यह स्थिति हर साल की बारिश में और अधिक खतरनाक हो जाती है। जनता ने विधायक को यह भी बताया कि सुब्बाशाह मैदान से पंचकुइयां-हड्डी गोदाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर वक्फ कमेटी द्वारा खंभे गाड़कर रास्ता बंद कर दिया गया है। इससे आमजन, एम्बुलेंस, फोर व्हीलर और पानी के टैंकरों का आवागमन बाधित हो रहा है। जनाजे निकालने में भी परेशानी हो रही है। विधायक ने इसे जनहित के खिलाफ और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अव्हेलना बताया। निरीक्षण के दौरान विधायक घनघोरिया ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण, जिनमें तालीम का मरकज चलाने वाले भी शामिल हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर नगर निगम के संभागीय अधिकारी महेंद्र उईके, पार्षद गुलाम हुसैन, पूर्व पार्षद आजम अली खान, जहूर खान, सिकंदर खान, तौफीक चंकी, एजाज़ अंसारी, हारून मंसूरी, इकराम, अराफात खान, समीर, महबूब भाई, अजहर, मुख्तार अली, फिज्जू खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा का जबलपुर आगमन आज

**जबलपुर।** केंद्र शासन के उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा का बुधवार 11 जून को दोपहर 3.10 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आगमन होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा यहाँ शाम 5.15 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट करेंगे तथा शाम 6 बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे एवं शाम 6.30 बजे शहीद स्मारक गोलबाजार प्रोफेशनल मीट में शामिल होंगे। श्री वर्मा रात 8 बजे विधायक अशोक रोहाणी के निवास पर भोजन करेंगे तथा रात्रि विश्राम होटल नर्मदा जेक्शन में करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री गुरुवार 12 जून की सुबह 9.30 बजे पार्टी के जिला महामंत्री के निवास पर स्वल्पाहार करेंगे तथा सुबह 10.30 बजे भेडाघाट पहुँचेंगे।



# जनसुनवाई में आये 171 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 171 आवेदन दिये। जिसमें 139 नये आवेदन हैं तथा 32 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे।

जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई- झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गोंड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## त्रैमासिक योगा कैंप एवं समर कैंप का शुभारंभ 11 जून से

**मप्र पुलिस, आरपीएफ एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन का संयुक्त आयोजन**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस, रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में त्रैमासिक योगा कैंप एवं मासिक समर कैंप का शुभारंभ 11 जून को सुबह 6 बजे आईजी आरपीएफ व एसपी जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कैंप में योगाचार्य दीपक द्वारा पुलिस ग्राउंड एवं रेलवे ग्राउंड में पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराकर प्रशिक्षित किया जाएगा। कैंप सुबह 6 बजे से 7.30 बजे प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। समर कैंप में बच्चों को दी जाएगी गेम्स की ट्रेनिंग दी जाएगी आईजी आरपीएफ ने बताया पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए एक माह का समर कैंप भी आयोजित किया गया है। 11 जून से एक माह तक चलने वाले समर कैंप में इनडोर व आउटडोर गेम्स में रूचि रखने वाले बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक्सपर्टस द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। एक माह बाद इन बच्चों के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। समापन पर विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार को शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे



**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह बुधवार 11 जून को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह बुधवार को दोपहर 12 बजे होटल गुलजार में आयोजित सोशल मिडिया कार्यशाला में, दोपहर 1 बजे घंटाघर के समीप स्थित कन्वेंशन सेंटर में सफाई संरक्षकों के सम्मान समारोह में तथा शाम 4 बजे होटल नर्मदा जेक्शन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे कार द्वारा जबलपुर से छिंदवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पोट्रेट और चारकोल कार्यशाला के साथ ब्लूम आर्ट कला उत्सव का समापन

**जबलपुर।** नृत्यांजली कला अकादमी एवं कला वृक्ष गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में ब्लूम आर्ट कला के रचनात्मक उत्सव के समापन पर पोट्रेट और चारकोल की कार्यशाला में 60 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। खैरागढ़ यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप किंडो ने पोट्रेट एवं चारकोल के निर्माण की बारीकियों का ज्ञान दिया।समारोह में युवाओं द्वारा निर्मित 50 से अधिक कला पेंटिग को प्रस्तुत किया गया। साथ ही चित्रकला ,पोट्रेट एवं चारकोल के प्रतिभागियों को उत्तराखंड की कलागुरु डॉ.सरिता पांडे दमोह,वरिष्ठ कलाकार डॉ.समता दुबे,शलभ नायक,कामना नायक, राजेश पाठक प्रवीण,आलोक पाठक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।अतिथि स्वागत अरुक्षा नायक एवं अनुभव दुबे अथर्व नायक ने किया।

## हाई कोर्ट ने उपयंत्री के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर लगाई रोक

**गिरफ्तारी वारंट जारी कर जेल भेजने की चेतावनी का प्रकरण**



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जनपद पंचायत राहतगढ़, सागर की उपयंत्री कंचन चौधरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी। जस्टिस प्रणय वर्मा की सिंगल बेंच ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मामला गिरफ्तारी वारंट जारी कर जेल भेजने की चेतावनी से संबंधित है। याचिकाकर्ता कंचन चौधरी की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिला पंचायत सागर द्वारा 28 अप्रैल,2025 को मध्य प्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 के तहत याचिकाकर्ता को साढ़े पच्चीस लाख रुपये की वसूली राशि निकालते हुए उसे नौ मई तक ग्राम पंचायत सेमराहट के खाते में जमा कर राशि पेश करने के निर्देश दिए थे। ऐसा न होने की स्थिति में गिरफ्तारी वारंट के जरिए उन्हें जेल भेजे जाने की चेतावनी दी गई थी। उक्त आदेश के क्रियान्वयन रोक लगाते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अनावेदकों से जवाब मांगा।

# जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान

**संत कबीर जयंती समारोह एवं पौधारोपण**

**जबलपुर।** जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान" यह कबीरदास जी का एक प्रसिद्ध दोहा है। इसका अर्थ है कि किसी साधु की जाति नहीं पूछनी चाहिए, बल्कि उसका ज्ञान, उसकी समझ और उसके विचारों को देखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, किसी व्यक्ति का मूल्य उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और चरित्र से निर्धारित होता है, यह बात वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी ने समरसता सेवा संगठन के द्वारा संत कबीर दास जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जयंती समारोह के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में कही। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के




मुख्य अतिथि शिक्षाविद शिवकुमार सिंह ठाकुर, मुख्य वक्ता साहित्यकार विजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि एन पी झारिया, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्वल पचौरी मंचासीन थे।

संत कबीर दास जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने जयंती समारोह के बाद नर्मदा उद्यान में मोल का पौधा लगाकर पौधारोपण किया और उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राज सागरी, सुरेश विचित्र, के एल कोष्टा, शंकर लाल गौंटिया, जगदीश नाहर, दीपचंद विनोदिया, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, डैनी बुंदेला, अमित मेहरा, चमन लाल दोहरे, कृष्णा पटेल, आयुष चौरसिया, मंगेश गौंटिया, अमृत लाल मेहरा, अनिल जैन, राकेश झारिया प्रदीप पटेल, अनिल तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, अंशुमान असाठी के एल सेन, शिवबहादुर श्रीवास, एन के दास, भरत बिरहा, संतोष राठौर, निशा विश्वकर्मा, मधु गुप्ता, वनिता मालवीय, देवेश्वर मोदी, रामसेवक पटेल, जगदीश यादव, कन्हैया लाल गुप्ता, योगेंद्र मालवीय उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होंगे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

**जीएडी ने जारी किये दिशा-निर्देश**

**जबलपुर।** प्रदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। वर्ष 2015 से सारी दुनिया में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंट डाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। प्रदेश के समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिये आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक http://yoga.ayush.vog.in/yoga.sangam में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम "एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग" रखी गई है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही है। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रातः 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातः 7.45 पर संपन्न हो जायेगी।

# राद्ुविवि कुलगुरु मामले में मुख्य गवाह का तबादला

## सहायक कुलसचिव शहडोल भेजी गईं...!

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा पर महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच टीम के बीच एक चौंकाने वाला प्रशासनिक फैसला सामने आया है। इस प्रकरण की अहम गवाह मानी जा रहीं सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी का देर रात तबादला कर दिया गया है, जिससे जांच प्रक्रिया और सरकार की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं।

सुनीता देवड़ी का तबादला शहडोल के पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में किया गया है, वहीं वहां पदस्थ रहे पवन साहू को आरडीयू भेजा गया है। इस तबादले की पुष्टि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी तबादला सूची से हुई है, जिसमें कुल 15 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी



है सुनीता देवड़ी की पदस्थापना में किया गया यह फेरबदल।

एसआईटी को 16 जून तक रिपोर्ट सौंपनी है, और ऐसे समय में एक महत्वपूर्ण गवाह को स्थानांतरित करना न केवल संदिग्ध नजर आता है, बल्कि जांच की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है।

### विश्वविद्यालय परिसर में चर्चाओं का दौर

*आरडीयू के गलियारों में इस पूरे घटनाक्रम को एसआईटी जांच से जोड़कर देखा जा रहा है। कर्मचारियों और शिक्षकों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह तबादला राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव का परिणाम तो नहीं है? हालांकि कुछ अधिकारी इस निर्णय को सामान्य तबादला प्रक्रिया का हिस्सा बता रहे हैं।*

### तबादला नीति का उल्लंघन

*विशेष बात यह है कि सुनीता देवड़ी की सेवानिवृत्ति में केवल एक वर्ष शेष है, और शासन की ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार ऐसे अधिकारी या कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि एक वर्ष या उससे कम शेष है, उनका तबादला नहीं किया जाना चाहिए। यही नहीं, देवड़ी की भर्ती भी मूल रूप से आरडीयू में ही हुई थी, जिससे उनका स्थानांतरण और भी अधिक असंगत माना जा रहा है। विशेषज्ञों और विभागीय सूत्रों का मानना है कि यह निर्णय तबादला नीति के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है और इसकी जांच या समीक्षा की मांग उठ सकती है।*

### जांच पर प्रभाव की आशंका

राज्य शासन द्वारा गठित तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी अभी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ऐसे में एक प्रमुख गवाह का स्थानांतरण रिपोर्ट की निष्पक्षता और सटीकता पर प्रभाव डाल सकता है। यदि सुनीता देवड़ी का बयान या भूमिका महत्वपूर्ण है, तो उनका स्थानांतरण न केवल जांच में विलंब कर सकता है, बल्कि उसमें बाधा भी उत्पन्न कर सकता है।

# मोबाइल से हो रहा है मर्यादा का पतन

## धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज की मंगल देशना

हरिभूमि जबलपुर।

आचार्यश्री विद्यासागर समा भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि जब समस्त कर्मों का आश्रव रुक जाता है, तभी वीतराग विज्ञान का उदय होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति हेतु जो ज्ञान प्रयोग में लाया जाता है, वह वीतराग विज्ञान नहीं होता। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल एक ओर जहां समस्त संसार की जानकारी देता है, वहीं दूसरी ओर यह युवाओं के लिए अत्यंत हानिकारक भी बन गया है। वर्तमान पीढ़ी मोबाइल का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक कर रही है। छोटे से इस उपकरण में संपूर्ण संसार समाहित है, परंतु इसमें प्रदर्शित चित्रों और विषय-वस्तुओं से युवाओं के मन में विकृति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा, "मोबाइल के कारण सबसे अधिक मर्यादा का उल्लंघन हो रहा है, और यह नैतिक पतन का




कारण बनता जा रहा है।"आचार्यश्री ने जीवन में सुख और शांति पाने के लिए आधुनिकता की दौड़ को त्यागकर प्राचीन जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का विज्ञान केवल अर्थ की ओर केंद्रित है, परमार्थ की ओर नहीं। इसलिए हमें अपनी मौलिकता को बनाए रखते हुए परमार्थ की ओर दृष्टि करनी चाहिए।

धर्मसभा की शुरुआत रोली जैन (शाहपुर) द्वारा मंगलाचरण पाठ से हुई। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष इंदौर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। शाहपुर, टिमरनी और जिंतूर के श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर आराधना की। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य सुदीप सोनू को और पादप्रक्षालन का अवसर मनोज आराधना को प्राप्त हुआ। सभा के दौरान टिमरनी में 20 जून से आरंभ होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी इंदौर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**फनवानी।** ग्राम पिपरिया खभरा में चल रही सप्त दिवसीय श्री मद्भभागवत कथा के षष्ठं दिवस में आचार्य श्री तरुण कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान के चौबीस अवतारों का वर्णन किया गया एवं भगवान श्री कृष्ण ब्रंदावन से मथुरा जाकर कंस का उद्धार किया फिर वहाँ से दूवारिका का



निर्माण किया उद्धव प्रसंग जनता को बताया फिर भगवान कृष्ण का माता लक्ष्मी स्वरूपा श्री रुकमणी जी बिबाह संपन्न हुआ। धर्म की बिजय हुई अधर्म का नाश हुआ श्री मद्भभागवत कथा में समस्त क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुन्यलाभ के सहभागी बन रहे हैं।

## 5वीं-8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारम्भ

**सिहोरा।** राज्य शिक्षा केंद्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सिहोरा में 5 वीं और 8वीं पूरक पुनः परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य मंगलवार से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में शुरू हो गया है। प्रभारी प्राचार्य विनोद पटेल,बी.आर.सी.सी. सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव,बी.ए.सी.अश्वनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह कार्य संचालित किया जा रहा है। हेड वैल्यूअर अशोक तिवारी, राजेश नेमा, संजीव शर्मा, बी.ए.सी.संजीव गुप्ता और कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल विश्वकर्मा ने मूल्यांकन प्रक्रिया का शुभारंभ कराया।

मूल्यांकन कार्य में प्रत्येक कक्ष के प्रभारी के रूप में 8 वीं कक्षा के लिए रामलखन तिवारी, बृजेश



झारिया,अब्दुल रहीम खान और 5 वीं कक्षा के लिए रामशरण बागड़ी, रूपाली श्रीवास्तव, राजेश्वरी सोनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष लखेरा,प्रमोद नामदेव, विष्णु पटेल, योगेन्द्र मिश्रा,संजीव उरमलिया भी मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। बी.आर.सी ने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के विषयवार लगभग 40 मूल्यांकनकर्ताओं को इस कार्य में लगाया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण और संकलन के लिए एक स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है।

## सन्मति जैन अध्यक्ष बने

## सकल जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

**सिहोरा।** सकल जैन समाज सिहोरा की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा पंचायती जैन मंदिर में की गई। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो.सुरेन्द्र जैन, निर्मल चंद जैन,डॉ.राजकुमार जैन,संजय जैन द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज,नगर गौरव मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज के चित्र पर अनावरण एवं द्वीप प्रज्वलन किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य माणिकचंद जैन द्वारा नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें सन्मति जैन अध्यक्ष,विमल जैन,संजय जैन एडवोकेट, विमलेश जैन, विनय जैन उपाध्यक्ष,अरुण सिंघई व्यवस्थापक,आकाश जैन सह व्यवस्थापक,सुनील जैन कोषाध्यक्ष,सुनील जैन नीलू सह कोषाध्यक्ष, ऋषभ जैन मंत्री,सत्येंद्र जैन सहमंत्री एंव आलोक जैन को प्रचार मंत्री बनाया गया।पंडित मनीष शास्त्री को प्रतिष्ठाचार्य एवं आनंद प्रकाश जैन को मुनि सेवा व्यवस्था समिति के प्रमुख का दायित्व सौंपा गया एंव समाज के पूर्व अध्यक्ष मुलायम चंद जैन को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। इसी तरह संरक्षक सदस्य संजय जैन, जवाहर जैन,आनंद जैन कुम्ही वाले रहेंगे। कार्यकारिणी में महिला परिषद अध्यक्ष जयश्री जैन आमंत्रित सदस्य रहेंगी सांस्कृतिक कमेटी में सची जैन,माया जैन,ज्योति जैन,मुक्ता जैन,संगीता सिंघई,शिरस जैन,अंजना जैन को सदस्य बनाया गया है। संचालन ऋषभ जैन ने किया।

# एक्टिवा में सवार होकर घूमने निकले पांच लोग

## वीडियो फुटेज लेकर घर पहुंच गई पुलिस

हरिभूमि जबलपुर।

गाड़ी में 5 लोगों को बैठाकर बाजार घूमने वाले जब घर लौटे तो पीछे पीछे पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने वीडियो फुटेज दिखाते हुए उक्त वाहन को जप्त कर ले गई। जानकारी के मुताबिक शिवनगर अधारताल क्षेत्र के रहने वाले 5 सदस्य महिला सहित एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसटी 5667 घूमने के लिए निकले थे। वाहन चालक ने न तो हैलमेट धारण किया हुआ था और न ही उसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट थी। शहर की सड़क पर घूमने के बाद वह अपने घर चले गए।



इधर पुलिस के एक सीसीटीवी कैमरे में एक्टिवा में 5 सवारी का फुटेज कैद हो गया। पुलिस, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर एक्टिवा सवार के घर पहुंच गई। बताया जाता है कि एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसटी 5667 रूकमणी केवट के नाम पर है।

## जबलपुर रेल मंडल ने कमाए 367 करोड़ रुपये

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मालगाड़ियो द्वारा माल ढुलाई करके सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक डॉ। मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे इन प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वतीय माह ( 01 मई 2025 से 31 मई 2025) में कुल 3।76 मिलियन टन माल लदान से मंडल को राशी 367।53 करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है।

## संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**जबलपुर।** कर्मचारी-अधिकारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 11 जून को सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा से संबंधित संपूर्ण जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों से भी बैठक में मौजूद रहने का आग्रह किया गया है।

## संस्कारधानी के उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ी ने बढ़ाया शहर का गौरव

# कृष्णा सुनेरिया का भारतीय बास्केटबॉल दल में चयन

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय खेल प्राधिकरण, साई प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर के कृष्णा सुनेरिया बोर्डिंग स्कीम के खिलाड़ी तथा आयुषी यादव डे बोर्डिंग के खिलाड़ी का साबा अंडर 16 बास्केटबॉल चैम्पियनशिप, 2025 के लिए लिए आयोजित भारतीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ था । अंडर 16 भारतीय पुरुष वर्ग का शिविर इन्दौर में तथा महिला वर्ग का चैन्नई में 18 मई से 11 जून, 2025 तक आयोजित किया गया। कृष्णा इंदौर तथा आयुषी चेन्नई में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में अभ्यासरत थे। जबलपुर के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सेठीनगर, रामपुर स्थित युवा भवन के इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट में साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर से विगत 2-3 वर्षो से मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कृष्णा सुनेरिया पुरुष वर्ग केम्प में चयनित के बाद, भारतीय बास्केटबॉल दल के साथ SABA U-16 बास्केटबॉल चैंपियनशिप मेल




(मालदीव्स) में 12 जून, 2025 से दिनांक 15 जून, 2025 तक आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेगें । भारतीय दल आज मालदीव्स के लिए रवाना होगी।

इस सफलता के लिए कृष्णा सुनेरिया को साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच कुलदीप सिंह बरार तथा राज्यीय बास्केटबॉल कोच जगजीत सिंह, अर्जुन अवार्डी मधु यादव, म.प्र.ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजयसिंह, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी आशीष पांडेय, जॉफ सचिव बलदेवराज धूपर, शालेय खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, म.प्र.बास्केटबॉल तकनीकी समिति के चेयरमैन श्रीराम तिवारी, राकेश मिश्रा, अमित अम्ब्रोस, अतुल ग्रेबियल, प्रफुल्ल रैकवार, विप्लव कुमार एवं साई जबलपुर की केन्द्र प्रभारी दुर्गेश नंदनी, और नगर के समस्त बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित की।

# पति ने मारपीट कर घर से निकाला, मामला दर्ज

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदीनगर छुई खदान निवासी एक महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के विरुध्द प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेदीनगर छुई खदान निवासी महेन्द्र डेहरिया से मुस्कान मेहरा की तीन साल पहले शादी हुई थी, उसकी 2 साल की एक बच्ची भी है. शादी के बाद से ही पती दहेज में कार की मांग को लेकर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा. गत 6 जून को पती ने मारपीट कर घर से निकाल दिया. पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पती के खिलाफ धारा 296, 85, 115(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शराब पीने के लिये रूपय नहीं देने पर मारपीट

**जबलपुर।** थाना गढ़ा अंतर्गत छुई खदान में कल देर रात शराब पीने के लिये 300 रुपये नहीं देने पर एक शराबी युवक ने एक दूसरे युवक के साथ मारपीट की घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद चक्रवर्ती रज्जू कुम्हार के घर के सामने रोड पर शराब पी रहा था, पीते पीते शराब खत्म हो गई. इस बीच उसने विजय बर्मन से शराब पीने के लिये 300 रूपये मांगे, मना करने पर आनंद चक्रवर्ती ने गाली गलौच करते हुये उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# लावारिस महिला व युवक का मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** तिलवाराघाट में एक 65 साल की वृद्धा ने इलाज और मदद के आभाव में दम तोड़ दिया। महिला यहां दो दिनों से बीमार अवस्था में कराहती रही। आते-जाते लोगों ने देखा लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इस अज्ञात महिला की सांसे थमने की सूचना राहगीर गजेन्द्र ने तिलवारा और गढ़ा पुलिस को भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद समाजसेवी संस्था मोक्ष मानव सेवा समिति के प्रमुख आशीष ठाकुर की सूचना पर तिलवारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद लाश कफन दफन के लिये मोक्ष मानव सेवा संस्था को सौंप दी। संस्था की ओर से अज्ञात वृद्धा का अंतिम संस्कार तिलवाराघाट मुक्तिधाम में किया गया। इसी तरह गत दिवस ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की अज्ञात कारणों से हुई मौत के बाद जीआरपी पुलिस ने मोक्ष संस्था को इसकी सूचना दी। तमाम कानूनी औपचारिकता होने के बाद इस युवक का भी अंतिम संस्कार मोक्ष संस्था द्वारा किया गया। इस कार्य में आकाश कोरे, प्रशांत श्रीवास, वीरू वर्मन, सरजू आदि ने सहयोग किया।




**श्रीमती कांति देवी शर्मा-** अधारताल संजय नगर पावर हाउस के पास निवासी श्री राम प्रकाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कांति देवी शर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया-** गोरखपुर नरसिंह वार्ड निवासी श्री नर्मदा चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललता बाई पटेल-** अवंती विहार रामनगर रामपुर निवासी श्री भैया लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील पटेल-** आमनपुर प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सुशील पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जेठानंद परयानी-** प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री जेठानंद परयानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक मेनानी-** भानतलैया सिंधी कैंप रोड निवासी श्री जैशन लाल मेनानी के पुत्र श्री दीपक मेनानी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव-** शिवराज चौहान नगर गौरीघाट ललपुर रोड निवासी श्री बलराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हमराज तामिया-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री हमराज तामिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा बाई बिरहा-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री इंद्रपाल बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई बिरहा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिदामी लाल-** मदनमहल आमनपुर नई बस्ती निवासी श्री छिदामी लाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मयंक शर्मा-** कछियाना ओम कला मंदिर चांदमारी रोड निवासी श्री निरंजन शर्मा के पुत्र श्री मयंक शर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्पना-** अखिलालय अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री मोतीराम की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशोरी लाल गौतम-** ज्योति मॉल के पीछे निवासी श्री किशोरी लाल गौतम (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काजल झारिया-** ललित कॉलोनी निवासी श्री राकेश झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती काजल झारिया (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मदन मुरारी राव-** रामनगर अधारताल निवासी श्री मदन मुरारी राव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला गौर-** पुरानी पीपी कॉलोनी निवासी श्री मेवालाल गौर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला गौर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री काशी प्रसाद पटेल-** मानेगांव रांझी पटेल नगर निवासी श्री काशी प्रसाद पटेल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# घरेलू निवेशकों के सहारे खड़ा है शेयर बाजार वर्ना विदेशियों ने तो डुबो दी थी लुटिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार से साल 2025 में विदेशी निवेशकों ने अब तक 1.01 लाख करोड़ रुपए निकाले हैं। अच्छी-खासी निकासी के बावजूद भी सेंसेक्स इस साल अब तक 5 फीसदी मजबूत हुआ है। भारतीय बाजार एफपीआई द्वारा बड़े पैमाने पर निकासी के बावजूद भी अगर डटकर खड़ा है क्योंकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) बाजार में जमकर पैसा डाल रहे हैं। डीआईआई ने इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजार में 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है। यह 2007 के बाद अब तक का दूसरा सबसे बड़ा सालाना निवेश है। खास बात यह है कि इस साल के शुरुआती छह महीने में हुआ यह निवेश अब तक के सभी हाफ ईयर में सबसे ज्यादा रहा है।

## विदेशी निवेशकों ने 2025 में 1.01 लाख करोड़ रुपए निकाले

### मई माह में 66,000 करोड़ का निवेश

साल की शुरुआत में डीआईआई के निवेश की रफ्तार थोड़ी सुस्त रही थी। मार्च और अप्रैल के महीनों में निवेश प्रवाह धीमा पड़ा था। लेकिन मई में इसमें जोरदार वापसी देखने को मिली। इस महीने में डीआईआई ने कुल 66,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। इसके बाद जून में भी अब तक करीब 29,000 करोड़ रुपए की खरीदारी घरेलू संस्थागत निवेशक कर चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मई-जून के दौरान ब्लॉक डील्स में आई तेजी के चलते निवेश प्रवाह में बड़ा उछाल आया।



### डीआईआई का 2024 में रिकॉर्ड 5.23 लाख करोड़ का निवेश

एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 में डीआईआई ने रिकॉर्ड 5.23 लाख करोड़ रुपए का निवेश भारतीय शेयर बाजारों में किया था, जो अब तक का सबसे बड़ा एक वर्षीय निवेश है। इसके मुकाबले 2023 में यह आंकड़ा 1.82 लाख करोड़ रुपए और 2022 में 2.76 लाख करोड़ रुपए रहा था। यह साफ है कि बीते कुछ वर्षों में घरेलू संस्थागत निवेशकों की भूमिका बाजार में स्थिरता बनाए रखने में लगातार बढ़ती गई है।

### जब-कमजोर हुआ बाजार डीआईआई बने खेवनहार

बाजार में जब-जब अनिश्चितता का माहौल बनता है, तब-तब डीआईआई एक स्थिर निवेशक शक्ति के रूप में उभरते हैं और गिरावट के समय सप्लाई को सक्रिय रूप से सोखने का काम करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मई में आई डीआईआई की आक्रामक खरीदारी भारत की कॉरपोरेट आय को लेकर उनके लगातार मजबूत विश्वास को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप




### ओपीजी सिक्योरिटीज को सेबी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है। बाजार नियामक ने अप्रैल, 2025 में लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में इन संस्थाओं के विफल रहने के बाद मांग नोटिस जारी किया है।

### रुपया चार पैसे की तेजी के साथ 85.62 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह के साथ अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले चार पैसे की तेजी के साथ 85.62 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों की मिश्रित धारणा, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपये में आगे के सुधार को सीमित कर दिया।

### एटीएम का पता लगाने लोकेट आईओबी की सुविधा होगी शुरू

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने 'लोकेट आईओबी' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इससे ग्राहक बैंक की निकटतम शाखाओं और एटीएम का पता आसानी से लगा सकेंगे।



यह सुविधा बैंक ग्राहकों को आईओबी के पोर्टल (लोकेट डॉट जॉब डॉट इन) या बैंक की वेबसाइट पर 'लोकेशन टूल' तक सीधे पहुंचने की सुविधा प्रदान करती है। चेन्नई मुख्यालय वाले इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'लोकेट आईओबी' ग्राहकों को सभी आईओबी शाखाओं और एटीएम नेटवर्क के पते, दिशा-निर्देश, आईएफएससी कोड तक पहुंचने का एक सरल तरीका प्रदान करता है।

### लीला पैलेस होटल से 4.66 करोड़ रुपए की कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** लीला पैलेस होटल और रिसॉर्ट का संचालन करने वाली कंपनी श्लॉस बेंगलोर ने मंगलवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी को केंद्रीय जीएसटी विभाग, जयपुर से 4.66 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर कारण बताओ नोटिस मिला है।



श्लॉस बेंगलोर की महत्वपूर्ण अनुषंगी इकाई तुलसी पैलेस रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीपीआरपीएल) को यह नोटिस कर देनदारी के गलत समायोजन और रिवर्स चार्ज व्यवस्था के तहत सेवाओं के आयात पर आईजीएसटी का भुगतान न करने से संबंधित कथित उल्लंघनों के लिए भेजा गया है।

### टीवीएस मोटर ने अपाचे आरटीआर 200 4वी की पेश

**चेन्नई।** दोपहिया एवं तिपहिया वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी मोटरसाइकिल श्रृंखला पेश की है।



मोटरसाइकिल की नई श्रृंखला कंपनी की सभी डीलरशिप पर उपलब्ध है, जिसकी कीमत 1,53,990 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती है। यह ओबीडी2बी के अनुरूप है और उन्नत प्रौद्योगिकी, बेहतर प्रदर्शन एवं बेहतर सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। अपाचे मोटरसाइकिल श्रृंखला के 20 साल पूरे होने के मौके पर इसे पेश किया गया।

---

### पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री ने दिया ब्योरा

# पाकिस्तान को कर छूट देने से 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान को विभिन्न क्षेत्रों को कर छूट देने से वित्त वर्ष 2024-25 में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। यह देश को अपने परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक और द्विपक्षीय बाह्य ऋण के एवज में चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर छूट की लागत बढ़कर 5800 अरब रुपए हुई

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा सोमवार को जारी पाकिस्तान की आर्थिक समीक्षा 2024-25 में वित्त वर्ष से जुड़े विभिन्न आर्थिक वृद्धि एवं संकेतकों का ब्योरा दिया गया है। दस्तावेज के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2024-25) में कर छूट की लागत बढ़कर रिकॉर्ड 5800 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 3900 अरब रुपये से करीब 2000 अरब रुपये अधिक है। पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है।

**खास बातें**

- पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है
- सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था



### डॉलर को संदर्भ में कर घाटे की लागत बढ़ी

*समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, डॉलर के संदर्भ में कर घाटे की लागत 21 अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो कि पाकिस्तान को चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत के परिपक्व हो रहे वाणिज्यिक एवं द्विपक्षीय बाह्य ऋण के तहत इस वित्त वर्ष चुकाने के लिए आवश्यक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है।*

### नवाज सरकार ने कई छूटों को हटा दिया था

*आर्थिक समीक्षा के अनुसार, कर व्यय 1960 अरब रुपये या 51 प्रतिशत बढ़ा जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार ने अपने पिछले बजट में कई छूटों को हटा दिया था। कर रियायतों और छूटों को कई बार वापस लेने के बावजूद कर राशि में हर वर्ष वृद्धि जारी रही है। वर्षों से ये स्वीकृत छूटें तीन अलग-अलग कर कानूनों के तहत दी जा रही हैं।*

### बिक्री कर छूट करीब 50 फीसदी बढ़ी

समीक्षा में कहा गया चालू वित्त वर्ष में बिक्री कर छूट करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 4300 अरब रुपये हो गई जो पिछले वर्ष 2900 अरब रुपये थी। संघीय राजस्व बोर्ड के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आयकर छूट की कुल राशि 801 अरब रुपये रहेगी जो पिछले वर्ष की 477 अरब रुपये से 68 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि सरकार के वेतनभोगियों पर अधिक कर का बोझ डालने तथा खुदरा विक्रेताओं जैसे अन्य क्षेत्रों को इससे मुक्त रखने के निर्णय के बावजूद दर्ज की गई।

### सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपए

समीक्षा के अनुसार इस वित्त वर्ष में सीमा शुल्क छूट बढ़कर 786 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 543 अरब रुपये से 243 अरब रुपये या 45 प्रतिशत अधिक है। खबर के अनुसार, " 2025 के लिए कर व्यय" के रूप में 5800 अरब रुपये की राशि का अनुमान पूर्व में प्रकाशित घाटे की विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न करता है।

### आंकड़ों को कम दिखाना एक संकेत

कर व्यय को कम करने एवं समाप्त करने के लिए सरकारों के लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद, यह लगातार बढ़ रहा है। समाचार पत्र के अनुसार, यह या तो वित्त वर्ष के दौरान कई छिपी हुई कर छूटों की शुरुआत या पिछले वर्ष के आंकड़ों को कम करके दिखाने का संकेत देता है। खबर में कहा गया है कि कर छूट लागत में इतनी तीव्र वृद्धि को उचित ठहराने के लिए आर्थिक गतिविधि में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है।

---

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में 13 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश मई में 13 महीने के निचले स्तर 19,013 करोड़ रुपये पर आ गया। इस दौरान लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप से जुड़े कोष में कम निवेश आया जिसका मुख्य कारण निवेशकों की मुनाफावसूली रही। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी फंड में लगातार पांचवे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई।

- निवेश मई में 19,013 करोड़ रुपए पर आ गया

मई में यह करीब 22 प्रतिशत घटकर 19,013 करोड़ रुपये रह गया जो अप्रैल में 24,269 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, लगातार 51वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है जो निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का योगदान भी मजबूत रहा और इसमें मई में रिकॉर्ड 26,688 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अप्रैल में यह 26,632 करोड़ रुपये से अधिक रहा था। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में 29,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ, जबकि अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ का निवेश हुआ था। आंकड़ों के अनुसार, इस निवेश से उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति मई में 72.2 लाख करोड़ रुपये रही जो अप्रैल के अंत में 70 लाख करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में 19,013 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।



### मुनाफावसूली आदि वजह रही

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक (प्रबंधक शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने भी इक्विटी प्रवाह में मंदी के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल की तुलना में मई में इक्विटी बाजार में कम तेजी, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को लेकर चिंताएं घरेलू इक्विटी में संभावित समेकन चरण या मुनाफावसूली आदि इसकी वजह रही..।

---

# चांदी 1000 रुपए फिसली और सोना 110 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 110 रुपये टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये टूटकर 97,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। चांदी में सात दिनों की बढ़त पर विराम लगा। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

- सोना 110 रुपए टूटकर 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम

सोमवार को स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 3,329.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।



### फेड का रुख प्रभावित करेगा

*गगलानी ने कहा, "ये आंकड़े ब्याज दर में कटौती पर फेडरल रिजर्व के रुख को प्रभावित कर सकता हैं। इसका असर संभावित रूप से निकट भविष्य में सराफा कीमतों पर पड़ सकता है।"*

रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद से सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई, जिससे मंगलवार सुबह के कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।' चीनी और अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को लंदन में व्यापार वार्ता के नए दौर को दूसरे दिन के लिए बढ़ा दिया, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौते की उम्मीद बढ़ गई।

---

# वेदांता रिसोर्सेज की नजर निवेश श्रेणी की रेटिंग पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन स्थित वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) निवेश श्रेणी की रेटिंग पाने का लक्ष्य बना रही है। इसके लिए कंपनी कर्ज को कम करने, अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी वेदांता लिमिटेड को अलग करने, मजबूत वृद्धि, परिचालन दक्षता और मजबूत वित्तीय प्रदर्शन पर जोर दे रही है। वेदांता रिर्सोसेज अपने महत्वपूर्ण खनिजों, संक्रमण धातुओं, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए वित्त वर्ष 2026-27 तक अपने कुल कर्ज को मौजूदा पांच अरब अमेरिकी डॉलर से घटाकर तीन अरब डॉलर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मामले से अवगत एक व्यक्ति ने कहा कि वीआरएल ने हाल ही में हांगकांग और सिंगापुर में आयोजित निवेशक सम्मेलनों में बताया कि कंपनी अगस्त 2026 में देय अपनी उच्च ब्याज लागत वाले 55 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण को पुनर्वित्त और पूर्व भुगतान करके तत्काल क्रेडिट रेटिंग में सुधार करना चाहती है।




---

# घरेलू शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी थमी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बैंक और ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि 15 लाभ में रहे और एक अपरिवर्तित रहा। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और सुबह के कारोबार में 235.58 अंक चढ़कर 82,680.79 पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के सत्र में दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी महज 1.05 अंक की बढ़त के साथ 25,104.25 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच निवेशक थोड़े सतर्क बने हुए हैं और सूचकांक के दिग्गजों के बीच अलग-अलग रुझान समग्र धारणा को प्रभावित कर रहे हैं।/" बीएसई पर सूचीबद्ध 2,232 कंपनियां बढ़त में रहीं जबकि 1,805 शेयरों में गिरावट रही और 135 अन्य अपरिवर्तित रहे।

- उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 53 अंक गिरा



### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की 225 सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग मामूली रूप से गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे।

---

# एसोचैम का निवेश मुद्दों पर स्विसमेम से समझौता

**बर्न (स्विट्जरलैंड)।** उद्योग मंडल एसोचैम ने स्विट्जरलैंड के उद्योग संगठन स्विसमेम के साथ व्यापार एवं निवेश से संबंधित मुद्दों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा प्रसार के लिए मंगलवार को समझौते पर हस्ताक्षर किये। समझौता ज्ञापन का मकसद दोनों देशों के विदेशी व्यापार से संबंधित तकनीकी हस्तांतरण, आर्थिक सहयोग, निवेश के अवसर, व्यापार मेले, प्रदर्शनियां, नीतियां और आर्थिक कानून जैसे क्षेत्रों में सहयोग करना है। दोनों उद्योग मंडल व्यापार मिशन, परियोजना अध्ययन समूहों, आयात, निर्यात, व्यापार और निवेश संबंधों के बदले में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। सहयोग के क्षेत्रों में दोनों संगठनों के सदस्यों के हित में व्यापार एवं निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त गतिविधियों की खोज तथा उनका आयोजन करना भी शामिल है।



---

## बढ़ते इंटरनेट की वजह से सबसे ज्यादा चोट इसी सेक्टर को लगी

# केबल इंडस्ट्रीज पर छंटनी की गाज, 10 लाख हो सकते हैं बेरोजगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में समय के साथ अब काफी बदलाव आ चुका है। एक समय मीडिया इंडस्ट्री पूरी तरह से केबल पर निर्भर थी, लेकिन आज बढ़ते इंटरनेट की वजह से सबसे ज्यादा चोट इसी सेक्टर को पड़ी है। इसका अब नतीजा ये रहा कि इस क्षेत्र से जुड़े करीब अब तक पांच लाख से ज्यादा लोग सड़क पर आ चुके हैं। रिपोर्ट बताती है कि आने वाले समय में अगर यही हाल रहा तो करीब 10 लाख सेक्टर से जुड़े लोगों के ऊपर बेरोजगारी की मार पड़ सकती है। कंज्यूमर अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेटरी संजीव शंकर का मानना है कि केबल इंडस्ट्री को बचाने के लिए जो रिपोर्ट पेश को गई है, वो काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें ये बताया गया है कि इस सेक्टर के सामने इस वक्त क्या कुछ चुनौतियां है।

- क्षेत्र से जुड़े करीब अब तक पांच लाख से ज्यादा लोग सड़क पर आ चुके



### केबल नेटवर्क के सामने चुनौतियां

*शंकर का कहना है कि आज जब लोगों के पास इंटरनेट पर ओटीटी जैसे बेहतर सामग्री देखने के लिए प्लेटफॉर्म मौजूद है तो फिर क्यों लोग केबल को देखना पसंद करेंगे। गौरतलब है कि केबल इंडस्ट्री से जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आयी है, जिसे करीब 28 हजार केबल ऑपरेटर से पूछताछ कर तैयार की गई है।*

### पिछले छह साल में 31 प्रतिशत बेरोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां एक तरफ 2024 में 111 मिलियन सब्सक्राइबर्स थे तो वहीं छह साल बाद यानी 2030 में ये घटकर 71 से 81 मिलियन के बीच ही रह जाएंगे। केबल इंडस्ट्री में पिछले छह वर्षों के दौरान यानी 2018 से लेकर 2024 के बीच करीब 31 प्रतिशत बेरोजगार हो गए, जबकि पायरेसी की वजह से भी इस इंडस्ट्री को करीब 20 हजार करोड़ का जबरदस्त नुकसान हुआ है।

### ब्रॉडबैंड सेवाओं का पड़ा असर

इधर, देश में इंटरनेट सब्सक्रिप्शन करीब 1 बिलियन के आगे निकल चुका है, जिनमें से ब्रॉडबैंक कनेक्शन वाले 945 मिलियन है। जाहिर है, केबल इंडस्ट्री पर आगे आने वाले दिनों में और मार पड़ सकती है। बढ़ती डिजिटलाइजेशन और ब्रॉडबैंड सेवाओं का सीधा असर इस सेक्टर पर पड़ रहा है।

---

# चार कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जल शोधक कंपनी केंट आरओ सिस्टम्स और करमतारा इंजीनियरिंग समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है।

- केंट आरओ सिस्टम्स और करमतारा इंजीनियरिंग लाएगी निर्गम

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से मंगलवार को दी गई अद्यतन जानकारी के अनुसार, अन्य दो कंपनियां ट्रांसफार्मर घटक विनिर्माता मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज और 'वाइंडिंग' उत्पाद विनिर्माता विद्या वायर्स हैं जिन्हें आईपीओ लाने की मंजूरी मिली है। अद्यतन जानकारी के अनुसार, चारों कंपनियों ने जनवरी में आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन्हें तीन से छह जून के बीच सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी मिली। इस बीच, साई इंफिनियम ने चार जून को अपने आईपीओ दस्तावेज वापस ले लिए थे। इन कंपनियों की ओर से दाखिल आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, केंट आरओ सिस्टम्स का आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तकों के एक करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। करमतारा इंजीनियरिंग का प्रस्तावित आईपीओ 1,350 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और प्रवर्तकों के 400 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।




### मंगल इलेक्ट्रिकल कोई ओएफएस नहीं लाएगी

मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज का 450 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से नए निर्गम पर आधारित है जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) घटक नहीं है। वहीं विद्या वायर्स का आईपीओ 320 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा एक करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। इन कंपनियों के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

चिंतन

# जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने की जरूरत

गरीबी कम करने के साथ भारत ने जनसंख्या को नियंत्रित करने में भी शानदार प्रगति की है। भारत में प्रजनन दर में काफी कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई जनसांख्यिकी रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.46 अरब पहुंचने का अनुमान है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। अभी सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है और भारत दूसरे नंबर पर है। दोनों मुल्कों की जनसंख्या में मामूली अंतर है। कुछ समय पहले ऐसी खबर भी थी कि भारत चीन को पछाड़ कर सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है, हालांकि इसकी केंद्र सरकार ने पुष्टि नहीं की थी। 'वास्तविक प्रजनन संकट' शीर्षक वाली यूएनएफपीए की 'विश्व जनसंख्या स्थिति (एसओडब्लूपी) रिपोर्ट 2025' घटती प्रजनन क्षमता से घबराने के बजाय अपूर्ण प्रजनन लक्ष्यों पर ध्यान देने का आह्वान करती है। इसमें कहा गया है कि लाखों लोग अपने वास्तविक प्रजनन लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत की कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे आ गई है। जनसंख्या में पीढ़ीगत वृद्धि के लिहाज से प्रतिस्थापन दर से प्रजनन दर का कम होना सुखद भी है व चिंताजनक स्थिति भी है। रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 1.9 जन्म रह गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से नीचे है। इसका अर्थ यह है कि औसतन भारतीय महिलाएं एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक (प्रतिस्थापन दर) जनसंख्या का आकार बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। प्रजनन दर में कमी आने से सरकार को जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है, लेकिन पीढ़ीगत आबादी की दर को भी बनाए रखने की जरूरत है और यह जरूरत प्रजनन क्षमता सुधरने से पूरी होगी। रिपोर्ट में जनसंख्या संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा में महत्वपूर्ण बदलावों का भी खुलासा किया गया है, जो एक बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। जन्म दर में कमी के बावजूद, भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 आयु वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 आयु वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी आयु (15-64) वाली है, जो पर्याप्त रोजगार और नीतिगत समर्थन के साथ संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान करती है। रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है, जो तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में अब 79 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। भारत ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए करीब पांच दशक से लगातार कार्यक्रम का संचालन किया है, इसमें जागरूकता से लेकर बेहतर स्वास्थ्य तक के कार्यक्रम शामिल हैं, लेकिन जन्म दर प्रतिस्थापन दर के करीब रहे तो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की जनसंख्या का आकार बनाए रखना सरल होता है। इस असंतुलन को ठीक करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के आंकड़े का इस्तेमाल सरकार को अपनी जनसांख्यिकीय स्थिति में सुधार के लिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को रिमॉडल करने में करना चाहिए। भारत सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है तो यह स्तर सदा बने रहना चाहिए। चीन, जापान समेत अनेक पश्चिमी देश युवा आबादी स्तर बनाए रखने में सफल नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में भारत बेहतर कर सकता है।

जयंती विशेष
डा. वेदपाल सिंह



# संत कबीर के विचार में सामाजिक क्रांति के सूत्र

भक्ति-कालीन महान संत, महाकवि, सामाजिक क्रान्ति के पुरोधा, दार्शनिक व युगद्रष्टा कबीर साहब के जन्म को लेकर हालांकि विद्वानों में पर्याप्त मतभेद हैं। कबीरदास के प्रधान शिष्य धर्मदास ने कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1455 को माना है, जबकि डॉ. श्यामसुन्दर दास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा पारशनाथ के अनुसार कबीर साहेब का जन्म वि. संवत 1456 ज्येष्ट शुक्ल पूर्णिमा को माना है। कांशी के पास स्थित लहरतारा तालाब को उनका जन्म स्थान माना गया है। नीरू और नीमा नामक जुलाहे दम्पति ने कबीरदास का पालन-पोषण किया। कबीरदास की पत्नी का नाम लोई था और कबीरदास के दो बच्चे थे, एक पुत्र और एक पुत्री जिनका नाम कमाल और कमाली था! हालांकि कबीर साहेब जातिवाद के खिलाफ थे लेकिन फिर भी उन्होंने खुद को जुलाहे के रूप में पेश किया। वे एक जगह कहते हैं - जाति जुलाहा नाम कबीरा बनि बनि फिरो उदासी! जिस समय कबीर साहेब का जन्म हुआ, तब देश में सिद्धों और योगियों आदि द्वारा प्रचलित अंधविश्वास फैल रहे थे। संपन्न वर्ग में भी रूढ़ियों और आडंबर की प्रधानता हो चली थी। ऐसे समय में भक्ति आंदोलन के रूप में ऐसा भारतव्यापी विशाल सांस्कृतिक आंदोलन उठा जिसने समाज में उत्कर्ष सामाजिक और वैयक्तिक मूल्यों की प्रतिष्ठा स्थापित की। कबीर साहेब ने स्वामी रामानन्द को अपना गुरु माना। कबीर दास की रचनाओं में सरल भाषा का प्रयोग किया गया है। इन्हें पंचमेल खिचड़ी अथवा सधुक्कड़ी भाषा कहा गया है। उनकी रचनाएं सिक्खों के आदि ग्रंथ में सम्मिलित की गयी हैं। 'श्री गुरु-ग्रंथ साहिब' में संत कबीर के 226 दोहे शामिल हैं। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे, इसलिए उनके दोहों को उनके शिष्यों द्वारा ही लिखा या संग्रहित किया गया था। वे स्वयं कहते हैं 'मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहिं हाथ'। कबीरदास दास जीवन में गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहते हैं कि सद्गुरू की कृपा बिना परमात्मा का दर्शन होना बहुत कठिन है। गुरु के बिना मानव को ज्ञान की प्राप्त नहीं हो सकती लेकिन उन्होंने पाखण्डी बाबाओं और गुरुओं से भी सावधान होने रहने की शिक्षा देते हुए कहा है कि जिसका गुरु अंधा अर्थात ज्ञानहीन है, जिसकी अपनी कोई चिंतन दृष्टि नहीं है! ऐसे गुरु का अनुयायी तो निपट दृष्टिहीन होता है। उसमें अच्छे बुरे, हित-अहित को समझने की शक्ति नहीं होती। इस तरह अंधे गुरु के द्वारा ठेला जाता हुआ शिष्य आगे नहीं बढ़ पाता।

कबीर हिन्दुओं को कहते हैं कि किसी भी देवी-देवता की आप पत्थर की मूर्ति बनाकर पूजा करते हैं जो कि शास्त्र विरुद्ध साधना है। यह हमें कुछ नहीं दे सकती। इनकी पूजा से अच्छा चक्की की पूजा कर लो जिससे हमें खाने के लिए आटा तो मिलता है। पत्थर पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार। तातें तो चक्की भली, पीस खाये संसार। ठीक इसी प्रकार उन्होंने मुसलमानों द्वारा जोर जोर से अजान देने पर कहा कि- कांकर-पाथर जोरि के मस्जिद लई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बांग दे का बहरा भया खुदाय। तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों ने उन्हें महान कवि बनाया। एक तरफ तो कबीर का स्वर विद्रोही है तो दूसरी ओर ब्राह्म के प्रति उनका अनन्य समर्पण है। कबीरदास को समाज के प्रति गहरी चिंता थी और इस चिंता से मुक्त होने के लिए वे समाज की विसंगतियों का पर्दाफाश किया। उन्होंने समाज में फैले जातिवाद का कड़ा विरोध किया। वे कहते हैं कि - जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान! दुनिया के महान संत, महान कवि ने संवत 1575 विक्रमी (सन 1518 ई.) को काशी के निकट मगहर में अपने प्राण त्याग दिए। ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर भी विवाद उत्पन्न हो गया था।

हिंदू कहते हैं कि उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। इसी विवाद के चलते जब उनके शव से चादर हट गई तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा और बाद में वहां से आधे फूल हिंदुओं ने उठाए और आधे फूल मुसलमानों ने। महान कवि कबीरदास ने अपने जीवन में किसी तरह की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, कल्पना शक्ति और अध्यात्म कल्पना शक्ति के बल पर पूरी दुनिया को वो ज्ञान दिया, जिसे अमल कर आज भी मानव अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकता है। आज भी उनकी शिक्षाओं का हमारे जीवन में उतना ही महत्व है जितना कि उनके समय में था। हम उनके दिखाये मार्ग पर चलकर और उनकी दी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें, यही उनके प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति होगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कबीर के सपनों का समाज बनाएं हम



जयंती
अखिलेश आर्येन्दु

संत कबीर सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। कबीर आज भी समाज विज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की।

संत कबीर गृहस्थ जीवन गुजारते हुए भी समाज, धर्म, अध्यात्म और लोकधर्म के शोधन के कार्य में लगे रहे। वे समाजशोधक, साधक और सत्य के आराधक थे। सारा जीवन सद्गुणों से परिपूर्ण था। ऐसे साधु थे जिनके रोम-रोम में ईश्वरीय प्रकाश भरा हुआ था। वे उन सभी लोगों के समालोचक थे जिनकी कथनी-करनी में एकरूपता नहीं थी। पाखंड, अंधविश्वास, दोषपूर्ण सामाजिक परंपराओं, छल, छद्म और फरेब करने वालों का निडर होकर खिलाफत करते थे। किसी भी स्तर पर वे समझौतावादी नहीं थे। इसलिए वर्ग, जाति, मजहब, पंथ और सम्प्रदाय में उनकी रुचि नहीं थी। उनका जन्म चाहे जैसी परिस्थितियों में हुआ हो, जीवन-यात्रा परोपकार, समाज सुधार और सत्य के अन्वेषण में गुजरा। संघर्ष, तप, तितीक्षा और मानव जीवन के आदर्श उनकी जिंदगी के अहम व सहज हिस्से थे। गृहस्थ होते हुए भी वैरागी, तपस्वी और त्यागी थे। मानवीय सद्गुणों से भरा उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरक था। जीवमात्र पर दया, करुणा, प्रेम, अहिंसा और स्नेह की वर्षा उनके जीवन के आदर्श थे।

वे सत्य के आराधक थे, इसलिए निष्पक्ष बयानी से कभी दूर नहीं हटे। पढ़े-लिखे न होने के बावजूद वे ईश्वरीय ज्ञान-विज्ञान, विचार, प्रकाश से भरे हुए थे। सद्गुणों के सहज स्वीकार्यकर्ता थे, इसलिए सद्गुणों का प्रसार उनकी जिंदगी का हिस्सा बना रहा। जहां भी, जो भी दोषपूर्ण, पाखंड और अंधविश्वास से युक्त देखा, उस पर बगैर डर के चोट की। संसार में उनका किसी से न कभी बैर-विरोध हुआ और न किसी के दोस्त बने। वे उनके मित्र थे जो सच्चे और निष्कपट थे। वे उनके दुश्मन थे जो सत्य, प्रेम, अहिंसा और न्याय से बहुत दूर थे। उनका धर्म मानवता का धर्म था जिसमें मौलिकता, नवीनता, नेह और न्याय शामिल थे। उन्होंने जो कुछ कहा सत्य, प्रेम, न्याय की स्थापना, जन मन सुधार और सर्वहित के नजरिए से कहा। इसलिए किसी से उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। वे व्यक्ति की धन-सम्पत्ति की जगह, मानव मूल्यों की अहमियत से व्यक्ति को तौलते थे। वे ऐसे मूल्यवादी विचारक, सुधारवादी कवि और क्रांतिकारी समाजविज्ञानी थे, जिनकी कविताएं आज भी व्यक्ति, परिवार, समाज और हर सम्प्रदाय को सोचने पर मजबूर किया करती हैं।

वे मन की आंखों से देखते थे और दिल की जुबान से कहते थे। हर व्यक्ति में मानव मूल्यों का आधान (पिरोकर) देखना चाहते थे। पश्चिमी जगत के प्रसिद्ध विद्वान एवलिन अंडरहिल ने कबीर को महान समाज सुधारक, कवि और पंथ संस्थापक के रूप में चित्रित किया है। इसी प्रकार फ्रांसीसी विचारक गार्सा द तासी ने कबीर को एक प्रखर समाज सुधारक और कवि के रूप में चित्रित किया है। हिंदी के महान नाटककार डॉ. राम कुमार वर्मा ने संत कबीर को एक क्रान्तिदर्शी महाकवि और महामानव के रूप में माना है।

राम साहित्य के मूर्धन्य विद्वान अध्येता, फादर कामिल बुल्के ने कबीर के कृतित्व की विवेचना करते हुए लिखा है- 'ज्ञान, विज्ञान, सभ्यता और संस्कृति के प्रति कबीर का दृष्टिकोण नकारात्मक था, लेकिन हिंदी के महान साहित्यकार डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को भक्तिकाल का शिरोमणि कवि ही नहीं महान जीवनधर्मी कर्मयोद्धा माना है। कबीर समाज से द्वैतभाव को हमेशा के



लिए मिटाना चाहते हैं। बिना द्वैत भाव मिटे न तो सांसारिक सच्चा सुख हासिल होता है और न आलौकिक सुख ही। इस पद में उनके द्वैतभाव मिटने का कितना मार्मिक चित्रण दिखाई पड़ता है--

हमन है इश्क मश्ताना हमन का होशियारी क्या।
रहें आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या।

संत का स्वभाव हमेशा विनम्र, शांतिप्रिय और सव के प्रति स्नेह रखने वाला और सबको सुख देने वाला होता है। सज्जनता संत के स्वभाव का हिस्सा होता है। संत कबीर का स्वभाव इसी तरह का था। यही वजह है कि उनकी कविताएं मर्म को संवेदित करती हैं। संत कबीर पलायनवादी नहीं हैं। उन्होंने गृहस्थाश्रम को पूर्ण प्रतिष्ठा दी। उन्होंने समाज और परिवार दोनों की समस्याओं को दूर करने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। परिवार में रहकर ईश्वर के प्रति श्रद्धा रख और भक्ति करके भी मुक्ति हासिल करने में वे यकीन करते थे। यहां तक कि अपना कार्य ईमानदारी से और एक घंटे ईश अराधना को भी पर्याप्त समझते थे। एक सच्चा संत अपने कार्यों से समाज को कितना सुखी और शांतिप्रिय बना सकता है, यह कबीर के जीवन में देखा जा सकता है। भक्तिकालीन संत कवियों में कबीर जैसा आदर्श और यथार्थवादी महामानव नहीं दिखाई देता है। इसी तरह धर्म और अध्यात्म संबंधी अंधविश्वासों, रूढ़ियों, पाखंडों और कुरीतियों को दूर करने में उनके जैसा क्रांतिकारी सामाजिक दूत दूसरा नहीं दिखता है। वे इंसानी सच्चे धर्म का पाठ पढ़ाने वाले सच्चे सद्गुरू हैं। धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार का आडम्बर और कर्मकांड भी उन्हें स्वीकार्य नहीं था। सत्य, अहिंसा, प्रेम, न्याय, करुणा, दया, सहिष्णुता और सुचिता जैसे अनेक मूल्यों को जीवन में उतारना ही वह धर्म का पालन करना मानते थे। वह कहते हैं-

शीतलता सब जाणिये, समिता रहे समाइ।
पथ छाँड़े निरपथ रहै, सबद न देख्या जाय।।

लोक और वेद दोनों की बात कबीर को मान्य है। भले ही वह वेद नहीं पढ़े थे लेकिन उन्हें वेद की बुराई बर्दाश्त नहीं थी। वे कहते हैं कि वेद बुरे नहीं हैं बल्कि जो वेद को बुरा कहते हैं वे बुरे हैं। कबीर मन से सच्चे थे। कर्म से सच्चे थे। वाणी से सच्चे थे। ऐसा व्यक्ति भला असत्य या पाखण्ड को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। इसलिए उन्होंने समाज और धर्म से जुड़ी हर चीज को बहुत ही गहराई से समझा और जहां भी गदंगी देखी, उसे बगैर किसी हिचक के बता दिया। कहते हैं-बेहतर समाज बनाना चाहते हो तो पहले प्रेम-रूपी अमृत का प्याला का पान करो। सत्य का रास्ता पकड़ो और लोगों के दुख को बांटो। कबीर कहते हैं जीवन को माया के चक्करों में यूं ही बर्बाद कर दिया तो तुम्हारा जन्म लेना बेकार हो जाएगा। और एक दिन यमराज के दूत आएंगे और तुम्हें उठा ले जाएंगे। इसलिए समय रहते हुए यमराज-रूपी ठग से बचने के लिए सत्य के रास्ते से अपने कार्य करते जाओ, ईश्वर की कृपा सदैव हासिल होती जाएगी। यमराज से बचने का एक ही रास्ता है, वह है प्रभु की शरण में बिना देर किये चले जाओ।। उस अविनाशी परमब्रह्म की शरण में रहोगे तो यमराज वहां से तुम्हें नहीं उठा पाएंगे। क्योंकि यमराज भी उसी ईश्वर के आधीन हैं। आज भी कबीर के ये उपदेश उपयोगी, प्रासंगिक और सर्वहितकारी हैं। कबीर छह सौ वर्षों के बाद भी मानवता के मार्गदर्शक इसलिए बने हुए हैं कि उनके उपदेश, विचार और कार्य समाज को रोशन करने में कामयाब हैं। इसलिए आज भी वे भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में जहां भी हिंदी साहित्य और भाषा का प्रवाह है, कबीर वहां अपनी बेबाक सपाटबयानी के साथ मौजूद हैं। कबीर आज भी पूरी तरह प्रासंगिक और समाजविज्ञानी के रूप में हमारे मध्य मौजूद हैं। जरूरत है कि हम कबीर को दुराग्रहों और आग्रहों से ऊपर उठकर देखने व समझने की कोशिश करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी और धैर्य के साथ करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## सटाका




## आज की पाती

### ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला करे भारत

दुनिया के सभी देश व्यापार के लिए एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में थोड़े बहुत निर्भर जरूर हैं। इसलिए अगर कोई भी देश खास तौर पर अमरीका जैसे व्यापार का गढ़ माने जाने वाले देश कोई आयात-निर्यात के लिए फैसला लेते हैं, तो इससे दुनिया के सभी देशों पर थोड़ा बहुत असर जरूर पड़ता है। हाल ही में अमरीका की ट्रंप सरकार ने जो टैरिफ लगाने का मन बनाया, उसने दुनिया भर को इससे प्रभावित होने का भय पैदा किया है, लेकिन इससे हमारे देश को उतना नुकसान नहीं होगा, जितना उन देशों को होगा जो पूरी तरह अमरीका पर व्यापार के लिए निर्भर हैं। अमरीका ने हमारे देश पर मात्र 26 फीसदी टैक्स, जबकि दूसरे देशों पर इससे ज्यादा शुल्क लगाया है। दवाइयों पर शुल्क कम रखा है, भारत को इसका फायदा उठाना चाहिए। ट्रंप की हठधर्मिता का मुकाबला हो।

*-लखन वर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### हार्वर्ड में अनिश्चितताओं से जूझ रहे भारतीय छात्र

हार्वर्ड में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का कहना है कि वे ट्रंप प्रशासन की विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार लड़ाई के बीच अनिश्चितता और चिंता के दौर से गुजर रहे हैं। साथ ही नौकरी के अवसरों की कमी को लेकर भी फिक्रमंद हैं।हार्वड केनेडी स्कूल से पिछले महीने स्नातक हुए एक भारतीय छात्र ने नाम जाहिर नहीं होने की गुजारिश पर कहा, "यह ऐसा समय है जब हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, क्या हमें घर लौट जाना चाहिए, या फिर यहीं कुछ उपाय निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हार्वर्ड में कुछ भारतीय छात्रों ने नाम नहीं जाहिर करने के आग्रह पर 'पीटीआई' से बात करते हुए पिछले कुछ महीनों के अपने अनुभवों और चिंताओं को साझा किया, जिस दौरान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को ट्रंप प्रशासन के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन की कार्रवाई में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर रोक लगाना, अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की पात्रता को रद्द करना तथा हार्वर्ड में अध्ययन या आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक विदेशी नागरिकों के प्रवेश को निलंबित करना शामिल है। आंतरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि हार्वड नेतृत्व ने अमेरिका विरोधी और आतंकवाद समर्थक लोगों को प्रवेश की अनुमति देकर परिसर में असुरक्षित माहौल पैदा किया है।



## ऑफ बीट

### सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से - जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।



## ट्रेंड

### प्रार्थना का सौभाग्य मिला



तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर हमारी आध्यात्मिकता का एक प्रतिष्ठित केंद्र है और हमारी पारंपरिक वास्तुकला की भव्यता का प्रतीक है। सभी के लिए माँ की कृपा की कामना करते हुए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कड़ी मेहनत व इरादा जरूरी



किसी राज्य का नेतृत्व करने के लिए आपको कड़ी मेहनत और इरादे की ज़रूरत होती है, ज़रूरी नहीं कि अनुभव की। एक छोटे से गांव की मिट्टी से लेकर मुख्यमंत्री के पद तक, मेरी यात्रा लोगों के विश्वास और संघर्षों से आकार लेती है, जिन्हें मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

### राष्ट्रीय सुरक्षा



भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण से लेकर स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने और सीमा सुरक्षा को बढ़ाने तक, पिछले 11 वर्षों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित किया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### भाजपा आत्म-मंथन करे



भाजपा आत्म-मंथन करे और साथ ही उनके समर्थक भी कि जो लोग किसी की मृत्यु के लिए झूठ बोल सकते हैं, वो झूठ के किस पाताल-पर्वत पर चढ़कर अपने को, अपने मिथ्या-साम्राज्य का मुखिया मान रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

यह बैठक 2023 की भयावह हिंसा के बाद पहली गंभीर राजनीतिक पहल मानी जा रही है, जिसका मकसद लंबे समय के लिए स्थायी समाधान तलाशना है। इस बातचीत में गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम शामिल थी, जिसकी अगुवाई केंद्र सरकार के विशेष वार्ताकार एके मिश्रा ने की।

## मणिपुर संकट पर केंद्र सरकार की बड़ी पहल

# कूकी-जो समूहों के साथ पहली बार औपचारिक बातचीत की, स्थायी समाधान में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में जारी जातीय और राजनीतिक तनाव को सुलझाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए केंद्र सरकार ने सोमवार, 9 जून को दिल्ली में कूकी-जो 'ऑपरेशन निलंबन' (एसओओ) समूहों के साथ पहली बार औपचारिक बातचीत की। यह बैठक 2023 की भयावह हिंसा के बाद पहली गंभीर राजनीतिक पहल मानी जा रही है, जिसका मकसद लंबे समय के लिए स्थायी समाधान तलाशना है। इस बातचीत में गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम शामिल थी, जिसकी अगुवाई केंद्र सरकार के विशेष वार्ताकार एके मिश्रा ने की। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में इंफाल में सीबीआईग द्वारा एक मैतेई समूह के नेता की गिरफ्तारी के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। इस पृष्ठभूमि में यह संवाद सियासी पहल को फिर से ज़िंदा करने की एक नई उम्मीद बनकर सामने आया है।

### खास बातें
- एसओओ समझौते की दोबारा समीक्षा की जाएगी
- अगले हफ्ते एक और दौर की बैठक करेगी सरकार




### मैतेई उग्रवादी शिविरों को हटाएं
*प्रतिनिधिमंडल ने कांगपोकपी जिले के सदर हिल्स क्षेत्र में मौजूद मैतेई उग्रवादी शिविरों को हटाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक ये शिविर मौजूद हैं, क्षेत्र में शांति की उम्मीद और आपसी भरोसा दोनों कमजोर पड़ते रहेंगे, और एसओओ समूहों के लिए अपने कैडरों की वापसी या तैनाती पर विचार करना असंभव होगा।*

### शांति बहाल के लिए मंथन
एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि, इस बैठक में मणिपुर में शांति बहाल करने और लंबी अवधि के हल तलाशने को लेकर एक रूपरेखा पर बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि मैतेई और कूकी-जो इलाकों के बीच आने-जाने में कोई रुकावट न हो, इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को पूरी तरह खोलने की बात कही गई। दरअसल, मणिपुर की इम्फाल घाटी जो चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है, वहां जरूरी सामान पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-2 और 37 बेहद अहम हैं।

### त्रिपक्षीय समझौता है एसओओ
एसओओ का अर्थ है 'परिचालन निलंबन' (सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स)। यह एक त्रिपक्षीय समझौता है जो भारत सरकार, राज्य सरकार और कुकी-जो उग्रवादी समूहों के बीच हुआ था, जिसका उद्देश्य हिंसा को कम करना और राजनीतिक बातचीत शुरू करना था। एसओओ के समझौते के तहत 2008 में मणिपुर में उग्रवादी समूहों के साथ युद्धविराम समझौते के रूप में हस्ताक्षर किया गया था।

### एसओओ के नियमों का किया उल्लंघनः केंद्र
*दूसरी ओर कूकी-जो समुदाय की ओर से यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कूकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के पांच प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख तौर पर यूपीएफ के एरन किपगेन और केएनओ के डॉ. सैलन हाओकिप शामिल हुए। इस दौरान सरकार ने इन समूहों को साफ तौर पर बताया कि उन्होंने एसओओ के तय नियमों का कई बार उल्लंघन किया है। इसके साथ ही मैतेई समुदाय के इलाकों के पास बने उनके कैंपों को या तो बंद करने या कहीं और शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। गृह मंत्रालय अब एसओओ समझौते के नियमों की दोबारा समीक्षा कर रहा है।*

### मैतेई समूह ने मणिपुर बंद के आह्वान में ढील दी
*इंफाल। मैतेई समूह अरामबाई तेंगोल ने घोषणा की है कि वह अपने एक वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से समूह के खिलाफ दर्ज मामलों के विरोध में तीन दिन पहले किए गए 10 दिवसीय मणिपुर बंद के आह्वान में ढील देगा। मणिपुर में अरामबाई तेंगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया और इंफाल घाटी के कई जिलों में सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई। अरामबाई तेंगोल के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रॉबिन मंगंग ख्वाइराकपम ने कहा कि हमने 10 दिन के बंद का आह्वान किया था, लेकिन हम इसमें ढील दे रहे हैं।*

### राजनीतिक वार्ता को प्राथमिकता दें: कूकी-जो
*बैठक में कूकी-जो प्रतिनिधियों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर राजनीतिक समाधान पर गंभीरता नहीं दिखाई गई, तो राजमार्ग खोलने या विस्थापितों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर चर्चा का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। उनका कहना था कि जब तक राजनीतिक वार्ता को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक बाकी सारे कदम सिर्फ सतही साबित होंगे।*

## ऑस्ट्रिया के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग

स्थिति नियंत्रण में अब कोई खतरा नहीं

# अब तक 11 लोगों की मौत हमलावर भी ढेर, कई घायल



एजेंसी ▶▶ वियना

ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में भीषण फायरिंग की खबर है। इस घटना में कम से कम 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज में मंगलवार को एक स्कूल में एक शूटर द्वारा की गई गोलीबारी 11 लोगों की मौत हुई है। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ सहित ऑस्ट्रियाई राज्य मीडिया ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### मेयर ने शूटर के मौत की पुष्टि की
ग्राज के मेयर एल्के कहर ने बताया कि मृतकों में शूटर भी शामिल है। सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद बोर्ग ड्रेयर्सचुएत्जेन्गासे हाई स्कूल में विशेष बल भेजे गए। सुबह 11.30 बजे पुलिस ने सोशल नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित मीटिंग पॉइंट पर ले जाया गया है। उन्होंने लिखा कि स्थिति काबू में है और अब कोई खतरा नहीं है। ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 3,00,000 है।

## कनाडा के सरे में फायरिंग

# मंदिर अध्यक्ष से 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगी, इनकार पर किया हमला

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम नरेंद्र मोदी के कनाडा दौरे से पहले सरे इलाके में स्थित एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की गई। यह घटना तब हुई जब कुछ दिन पहले उक्त प्रॉपर्टी के मालिक को करीब 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगने वाला फोन आया था। यह घटना कनाडा के सरे में स्थित रिफ्लेक्शन बैंक्वेट हॉल के बाहर हुई। यह कॉल प्रॉपर्टी के मालिक और लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार को आई थी।

### 7 जून को रात ढ़ाई बजे हुई वारदात
सतीश कुमार ने कहा कि ये वारदात बीती 7 जून को सुबह करीब ढाई बजे हुई। इससे पहले दो साल पहले दिसंबर माह में भी सतीश कुमार के बेटे के घर पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने करीब 14 गोलियां चलाई थी। बता दें कि लक्ष्मी नारायण मंदिर कनाडा में हिंदुओं के लिए काफी मान्यता वाला मंदिर माना गया है। ऐसा चौथी बार हुआ है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के किसी पदाधिकारी को बदमाशों द्वारा टारगेट किया गया हो। अब सरे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान को चेतावनी

# हम आतंकवाद के साथ और नहीं जीएंगे हमला हुआ तो फिर से करारा जवाब देंगे



एजेंसी ▶▶ ब्रूसेल्स

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के करीब तीन हफ्ते बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है और कहा है कि अगर फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से करारा जवाब देने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा। जयशंकर इन दिनों बेल्जियम के दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के भीतर मौजूद हैं तो हम पाकिस्तान में भीतर जाकर ही हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई से नहीं हिचकेगा।

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी।

**आतंकवाद** पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा यही प्रमुख समस्या

**मुख्य** आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला कर निष्क्रिय किया

### ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

#### पाक आतंकियों को पनाह दे रहा
*जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद इस देश (पाकिस्तान) की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। यही प्रमुख समस्या है।*

#### बेल्जियम के साथ पुराने रिश्ते
जयशंकर ने बेल्जियम के साथ भारत के पुराने और मजबूत संबंधों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेल्जियम हमेशा भारत का प्रमुख साझेदार रहा है और यह उन पहले देशों में से एक है जिसने भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। उन्होंने कहा कि अब भारत सिर्फ राजनीतिक समझ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि आर्थिक सहयोग, जनसंपर्क और प्रवासी भारतीयों के कल्याण को भी आगे बढ़ाना चाहता है।

#### भारत को महत्व दे रहा यूरोप
विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती वैश्विक स्थिति के बीच यूरोप अब भारत के साथ मजबूत संबंधों को लेकर पहले से ज्यादा गंभीर हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, वैसे ही अब 'आत्मनिर्भर यूरोप' की सोच भी उभर रही है, जो दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि यूरोप अब यह महसूस कर रहा है कि कई समस्याओं का हल उसे खुद ढूंढना होगा। इसी कारण वह अन्य देशों, खासकर भारत के साथ अपने रिश्तों को और गहराई देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप अब रणनीतिक स्वायत्तता को भी महत्व दे रहा है।

#### हमने पाक के एयरबेस तबाह किए
जयशंकर ने कहा कि 10 मई को ये लड़ाई केवल एक कारण से रुकी, वह यह कि 10 तारीख की सुबह हमने मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। जिन पाकिस्तानी एअरबेसों पर हमला किया गया और जो नुकसान हुए हैं, उसकी सैटेलाइट तस्वीरों को भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है इस पर वह इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन जल्द ही संबंधित प्राधिकरण द्वारा सही समय आने पर इस पर पूरी जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कैटरीना बनीं मालदीव की टूरिज्म एंबेसडर
**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।



### हिमाचल में इजराइली पर्यटक लापता
**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में ट्रैकिंग रूट त्रियुंड से एक इजराइली नागरिक के लापता हो गया है। उसका नाम सैमुअल वेंगरिनोविच है जो 6 जून को ट्रैकिंग पर निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। सैमुअल की साथी एडिबलम ने सोमवार को मैक्लोडगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। वे धर्मकोट क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 5 लोग हिमाचल की यात्रा पर आए थे। मगर, सैमुअल वेंगरिनोविच ट्रेकिंग के वक्त कहीं खो गए हैं।



## बांग्लादेश में अवामी लीग का आरोप

# यूनुस शासन में जेलें यातना कक्ष बनी, हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या

एजेंसी ▶▶ ढाका

अवामी लीग ने आरोप लगाया है कि उनके कार्यकर्ताओं की जेल में लक्ष्य कर हत्या की जा रही है, जो सही नहीं है। लीग ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सीधे इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और सख्त लफ्जों में इस कृत्य की निंदा की। अवामी लीग ने एक बयान में कहा कि देश भर की अलग-अलग जेलों में बांग्लादेश अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की रहस्यमयी मौतों और क्रूर दमन की एक श्रृंखला ने आक्रोश और चिंता को जन्म दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों और अधिकार समूहों का कहना है कि ये अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं।

### ढाका में प्रदर्शन पर रोक
बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। विपक्षी दलों, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सेना के बीच भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने राजधानी के केंद्र में सभी रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और जनसभाओं पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, ढाका पुलिस ने मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक निवास 'जमुना गेस्ट हाउस' और बांग्लादेश सचिवालय के आसपास के एरिया को पूरी तरह सील कर दिया है।

### 21 लोगों की हिरासत में मौत हुई


अवामी लीग ने खुलासा किया कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से अवामी लीग के कम से कम 21 सदस्यों की हिरासत में मौत हो चुकी है। कथित तौर पर जेलों के अंदर और पुलिस हिरासत में हुई हत्याएं, राष्ट्रीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों दोनों का गंभीर उल्लंघन है। अवामी लीग ने इन सभी मौतों के लिए तत्काल राष्ट्रीय कार्रवाई और न्यायिक जांच आयोगों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## शिप पर केमिकल से भरे 650 कंटेनर लदे हुए

# केरल तट के पास जल रहे जहाज में आग बुझाने की कोशिश जारी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल तट के नजदीक जल रहे सिंगापुर के झंडे वाले जहाज की आग बुझाने को कोशिश जारी है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने क्रू के 18 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है। वहीं क्रू के चार सदस्य अभी भी लापता हैं। कुछ क्रू सदस्य घायल हैं और उनमें से दो की हालत गंभीर है। जहाज में रविवार को आग लगी थी और मंगलवार को भी नौसेना, तटरक्षक बलों द्वारा संयुक्त और समन्वित बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जहाज पर करीब 650 कंटेनर लदे थे।



### चीन ने नौसेना को कहा धन्यवाद
*चीन की भारत में राजदूत यू जिंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'जहाज के क्रू में 22 लोग थे, जिनमें से 14 चीनी नागरिक हैं। छह लोग ताइवान के हैं। हम भारतीय नौसेना और मुंबई तटरक्षक बल को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। हम दुआ करते हैं कि घायल क्रू सदस्य जल्द ठीक हो जाएं।*

## भारतीय छात्र से अपराधी जैसा व्यवहार

# न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर हथकड़ी लगाकर भारत किया डिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में एक भारतीय छात्र को न्यूयार्क एयरपोर्ट पर अपराधियों की तरह जमीन पटका गया और फिर हथकड़ी लगाकर भारत डिपोर्ट किया गया। भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।



### छात्र को जमीन पर पटक दिया
जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। छात्र लगातार रोता रहा। उसने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दूतावास ने लिखा कि हम इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का ऐलान, लॉस एंजिलिस में हालात खराब

पिछले चार दिनों से इमिग्रेश के खिलाफ लगातार प्रदर्शन जारी

# प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए 700 मरीन सैनिक भी होंगे तैनात

### कैलिफोर्निया के गवर्नर की गिरफ्तारी का समर्थन करेंगे ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में 4 दिनों से जारी हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। यह हिंसक प्रदर्शन अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहे हैं। इस प्रदर्शन को काबू करने के लिए ट्रंप प्रशासन ने 2000 नेशनल गाड्र्स और तैनात करने का फैसला किया है, जिससे इनकी कुल संख्या 4000 हो जाएगी। इसके अलावा 700 मरीन कमांडों भी तैनात करने का फैसला किया है। हालांकि, ट्रंप के इस फैसले की काफी आलोचना हो रही है। वहीं, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड की तैनाती करके 'बहुत बढ़िया फैसला' लिया है।





### प्रदर्शनकारियों को डेमोक्रेट्स पार्टी का मिला साथ
देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को निर्वासित करने की नीतियों के खिलाफ इस प्रदर्शन को डेमोक्रेट्स पार्टी का भी साथ मिल रहा है। वहीं, मरीन जवान नेशनल गार्ड के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। ये दक्षिण कैलिफोर्निया के ट्वेंटी नाइन पाम्स बेस से आ रहे हैं।

### कैलिफोर्निया के गवर्नर का फूटा गुस्सा
**कहा- ट्रंप पर दर्ज होगा मुकदमा**



राज्य के नेशनल गार्ड का नियंत्रण अपने हाथ में लेने और उसे लॉस एंजिल्स की सड़कों पर तैनात करने के ट्रंप के फैसले को कैलिफोर्निया के अधिकारी अदालत में चुनौती देंगे। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने कहा कि यह बिल्कुल वही है जो ट्रंप चाहते थे। उन्होंने आग भड़काई और अवैध रूप से नेशनल गार्ड को संघीय बनाने का काम किया। हम उन पर मुकदमा करने जा रहे हैं। इससे पहले न्यूसम ने कहा था कि राज्य के गवर्नर से परामर्श किए बिना किसी राज्य के नेशनल गार्ड को कमान सौंपना गैरकानूनी है।

## चामुंडा माता मंदिर में घुसी अनियंत्रित बस

# बाइक सहित ई-रिक्शा और दुकानों को हुआ नुकसान, कई श्रद्धालु बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

चामुंडा माता मंदिर परिसर में मंगलवार सुबह एक बस अचानक रिवर्स करते हुए घुस गई। इस वक्त वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन सभी ने समय रहते भागकर जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंदिर के बाहर कई श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे और कुछ की गाड़ियां मंदिर के पास खड़ी थीं। इसी दौरान बीएसएनएल ऑफिस की तरफ खड़ी यादव ब्रदर्स की बस जो



उज्जैन से ओंकारेश्वर रूट पर चलती है, अचानक रिवर्स में चल पड़ी और सीधे मंदिर के बाहर जा टकराई।

# जगन्नाथ स्वामी स्नान यात्रा आज, 56 भोग लगेंगे

## कोलकाता से आ रही अदिति मुंशी प्रस्तुत करेंगी हरिनाम संकीर्तन

जबलपुर। बंगभाषियों की प्राचीन एवम प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक के जगन्नाथ मंदिर में बुधवार 11 जून को संध्या 6 बजे से स्नान यात्रा जिसे देव स्नान पूर्णिमा भी कहा जाता है आयोजन किया गया है। सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि परंपरा अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रतिष्ठा दिवस एवं स्नान यात्रा के साथ भगवान को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर कोलकाता से प्रख्यात कीर्तन गायक अदिति मुंशी द्वारा हरिनाम कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा इसके पश्चात भक्तजनों को 56 भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### स्नान यात्रा की मान्यता

जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा ,बड़े भाई बलभद्र को शुद्ध जल से स्नान कराया जाता है इसके बाद तीनों देव एकांतवास में चले जाते है फिर रथ यात्रा के दिन लोगो को दर्शन देते है। ऐसा माना जाता है की देवों के अवस्वस्थ होने पर 15 दिनो तक काढ़ा का प्रसाद चढ़ाया जाता है स्वस्थ होने पर जनदर्शन के लिए रथ यात्रा निकाली जाती है।





### 15 दिन बंद रहेंगे मंदिर के कपाट

स्नान यात्रा पूजा के पश्चात गुरुवार 12 जून से सिटी बंगाली क्लब के जगन्नाथ मंदिर के कपाट 26 जून तक बंद हो जाएंगे परंपरा अनुसार 27 जून को रथयात्रा के दिन तीनों देव रथ पर सवार होकर शहर में जनदर्शन के लिए निकलेंगे। भक्तजनों में उत्साह स्नान यात्रा को लेकर भक्तजनों में उत्साह है भगवान जगन्नाथ को भोग प्रसाद के लिए भक्त गण घरों से बनाकर अर्पित करेंगे वहीं अदिति मुंशी के संकीर्तन सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार किया जा रहा कीर्तन को जनप्रिय बनाने ओर घर घर पहुंचाने का श्रेय अदिति मुंशी को दिया जाता है बंगाल में प्रसिद्ध अदिति देश विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुत करती है वे जबलपुर पहली बार आ रही है। समिति के सदस्यों ने भक्तजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# प्रदेश के तहसील मुख्यालयों में किसानों का प्रदर्शन

## ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसानों ने रखी मूंग खरीदी की मांग

जबलपुर। भारी गर्मी व तपती दोपहरी में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत तहसील मुख्यालयों पर आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए किसानों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन की नींद उड़ाकर रख दी। प्रदर्शन में किसानों ने मुखर होकर खेती किसानी में आ रही समस्याओं को लेकर जमकर कोसा। मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर शुरू हुए आंदोलन में किसान अब सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग सरकार से करने लगे हैं। किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा जिन फसलों के समर्थन मूल्य घोषित किये गए हैं। सरकार को उस मूल्य पर मंडी के बाहर या मंडी के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करनी होगी। किसानों ने अपनी समस्याओं व मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुभागीय अधिकारियों को सौंपा।

जबलपुर जिले की पाटन, शहपुरा, पनागर, मंझोली तहसील में किसान धरना प्रदर्शन में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। रैली में ट्रैक्टर लेकर चल रहे किसान अभय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में किसान सरकार की नीतियों से दुखी है। धान गेंहू खरीदी में जारी घोटाले, भुगतान की समस्या, नकली खाद, बीज, कीटनाशक आदि के कारण किसान पीड़ित है। आंदोलन के सिवाय अपनी मांगे सरकार के सामने रखने किसान के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है।





### सैकड़ों तहसील में हुए प्रदर्शन

भारतीय किसान संघ के प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए किसानों की भारी संख्या ने सरकार व प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासनिक स्तर पर किसानों की समस्याओं व कृषि योजनाओं को लेकर समीक्षा करने की बात कही जा रही है। किसान संघ के तहसील मुख्यालयों में हुए धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन की पल पल की जानकारी लोकल इंटेलीजेंस से मांगी गई है।

### ये हुए शामिल

जबलपुर की सभी तहसीलों में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कुंडम तहसील अध्यक्ष सतीश झारिया, अभय प्रताप सिंह, धनंजय पटेल, पुखराज सिंह चंदेल, धरम पटेल, सुनील पटेल, दामोदर पटेल, दिनेश पटेल, भरत पटेल, रीतेश पटेल, भानु पटेल, रीतेश पचौरी, राजेश पटेल, समनू यादव, मुन्ना सिंह मरावी, बृजलाल आदि सहित सैकड़ों गांवों के किसान बंधु शामिल हुए।

### पटवारियों के हुए तबादले

प्रदेश शासन ने मंगलवार देर रात पटवारियों के तबादलों की सूची जारी की। इसमें श्रीमति रुपेश्वरी कुंजाम प्रभारी तहसीलदार छिंदवाडा का तबादला जबलपुर किया गया है।

# परीक्षा परिणाम घोषित किये बिना, अगले सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि घोषित



जबलपुर। महाकौशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा परीक्षा विभाग मे चल रहीं घोर लापरवाही के चलते छात्रो का शोषण किया जा रहा हैं जिसके विरोध कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया. एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के परिक्षा विभाग की घोर लापरवाही से छात्रो का शोषण किया जा रहा हैं, जिसमें एलएलएम थर्ड सेमेस्टर, एवं एलएलबी कॉपी व्यू और रिटोटलीग के रिजल्ट घोषित किये बिना अगले सेमेस्टर के परिक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि घोषित हो गई हैं जो की 13 जून हैं, छात्र हजारो रुपये लगा कर कॉपी व्यू, चेक , रिटोटलीग का फॉर्म भरे हैं , और दूसरे ओर जो रिजल्ट आया ही नहीं हैं उनका भी फॉर्म भरा जरा हैं जिसमें एलएलएम थर्ड सेमेस्टर हैं, यदि जो छात्र अपनी पिछली सेमेस्टर मे फेल हो जाते हैं तो उसकी पूरी परिक्षा फीस बर्बाद हो जायगी विश्विद्यालय की यहा घोर लापरवाही भ्रष्टाचार सामने आया हैं जिसको तत्काल सुधार कर परिक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि रिजल्ट आने के बाद घोषित किया जाने की मांग की गई हैं. इस दौरान अंकुश चौधरी, रोहित कुरील, पवन रैदास, सुरेंद्र शर्मा, अभिरूप चंसौरिया, पुनीत चौबे, रॉबिन जैन, गिरीश मराठा, राहुल झरिया, चंद्र कुमार, अजय पटेल, जयदीप, रजनीश, उपस्थित रहें।

# गायत्री शक्तिपीठ में कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जबलपुर। अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आकर भारतीय संस्कृति के वैदिक कर्मकांड की ओर अग्रसर हो रही है और यह महिलाएं घर-घर जाकर पूजा- पाठ, जन्मदिन संस्कार ही नहीं बिना किसी जाति बंधन के समस्त वैदिक संस्कार संपन्न करा रही हैं। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 1980 में ही 21वीं सदी-नारी सदी का उद्घोष किया गया था और आज यह महिलाएं सभी क्षेत्रों में परम पूज्य गुरुदेव के स्वप्न को साकार कर रही हैं . गायत्री परिवार की बहनें घर-घर जाकर भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रही है । उक्त विचार शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारी हुई टोली के नायक सर्वेश शर्मा जी द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में चलाए जा रहे कर्मकांड शिविर में है व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि कर्मकांड शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं युवा पीढ़ी को कर्मकांड की बारीकियां समझाते हुए शुद्ध मंत्र उच्चारण एवं उसके आध्यात्मिक, वैदिक एवं वैज्ञानिक महत्व को आम जनता तक पहुंचाने का है। जिससे जो भी पूजा पाठ,यज्ञ, हवन, दीप यज्ञ, संस्कार आदि संपन्न कराते समय किसी भी प्रकार की कमी शेष ना रहे। और कराने वाले को इसका पूरा आध्यात्मिक एवं वैदिक फल प्राप्त हो । टोली द्वारा शिक्षार्थियों को संगीत का प्रशिक्षण ढपली पर दिया गया ।



## विश्व नेत्रदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि दादा वीरेन्द्रपुरी महाराज आई बैंक एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व नेत्रदान दिवस पर नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अपूर्वा स्थापक ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा की हम किस तरह समाज में उन लाखों लोगों को रौशनी दे सकते है जिनमें जन्म से या किसी एक्सीडेंट के कारण नेत्र ज्योति चली गई है वे इस दुनिया को तभी देख पाएंगे जब हम नेत्रदान करेगें। नेत्रदान से दृष्टिहीनता को समाज मे कम करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ,डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. समता नायडू, श्री नरेन्द्र मालवीय, डॉ. महेन्द्र कुषवाहा, डॉ. कविता शाक्य, डॉ. अवधेश बागरी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, डॉ. साजदा खान, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. अनीता अग्रवाल, श्री मनीष गुजराती, डॉ. बिजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. सुशील ठाकरे, डॉ. नीलिमा के साथ कर्मचारी एवं लगभग 110 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# कलमवीर संघर्ष संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

## शुभम शुक्ला अध्यक्ष, सुनील साहू बने संरक्षक

जबलपुर। कलमवीर संघर्ष संगठन ने मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और पत्रकारों के हितों की रक्षा करना है। इस कार्यकारिणी में अनुभवी और समर्पित पत्रकारों को शामिल किया गया है, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे। प्रदेश संरक्षक सुनील साहू को और प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला को बनाया गया। कलमवीर संघर्ष संगठन की नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला (जबलपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष सुहरप्रीत कौर रीन (भोपाल), प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे (शहडोल), प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश सोनी (जबलपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिसौधिया (इंदौर), प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान (ग्वालियर), प्रदेश उपाध्यक्ष लाल साहब कौरव (नरसिंहपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सोलाखे (बालाघाट), प्रदेश उपाध्यक्ष अजय मिश्रा (सिंगरौली), प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा (सिवनी, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन भांडे (मंडला), प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा (जबलपुर), प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र सोनी (डिंडौरी), प्रदेश सचिव श्रीमति सुरभि तिवारी (जबलपुर), प्रदेश सचिव रत्नेश दुबे (मंडला), प्रदेश सचिव अजय शर्मा (कटनी), प्रदेश सचिव दिनेश दाहिया (रीवा), प्रदेश सचिव ललित साहू (छिंदवाड़ा), प्रदेश सचिव सुधीर खरे (जबलपुर), प्रदेश सचिव रत्नेश दुबे "बंटी"(मंडला), प्रदेश सचिव किशोर गौतम नन्हें (जबलपुर) प्रदेश सचिव दिनेश यादव (रायसेन) बनाया गया है. वहीं प्रदेश सहसचिव अविनाश दुबे (अनूपपुर), प्रदेश सहसचिव राजेश शर्मा "राजू" (जबलपुर), प्रदेश सहसचिव सिद्धार्थ तिवारी (जबलपुर), प्रदेश प्रवक्ता हर्षित चौरसिया (जबलपुर) शामिल हैं।





कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीष पाण्डे ने कहा, एक सक्रिय और प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन ने प्रदेश स्तर पर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन की बैठक जबलपुर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया है। कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पत्रकारों के हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हम पत्रकारों के हितों की रक्षा करने और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक यादव ने कहा, कलमवीर संघर्ष संगठन सभी पत्रकार साथियों से सहयोग की अपेक्षा करता है और प्रदेशभर में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज

जबलपुर। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 11 जून बुधवार जेष्ठ पूर्णिमा पर प्रात 6 बजे बुधवार को पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में 467 वी पंचकोशी दंडवत करते हुए निकाली जाएगी उसके बाद 4 माह चातुर्मास के कारण पंचकोषी परिक्रमा बंद रहेगी कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ से प्रारंभ होगी पंचकोषी परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लमेटा घाट में नाव से पार कर शानी मंदिर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज जी के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल पप्पू चौबे विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी दुर्गा पटेल सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।

# कैलवास में वैज्ञानिकों ने किसानों से साझा की कृषि तकनीकें

जबलपुर। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम कैलवास में कृषि से संबंधित विविध विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय डॉ. जे.एस. मिश्रा, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रदुम्न सिंह, पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता एवं उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. अक्षता तोमर द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. जे.एस. मिश्रा एवं डॉ. प्रदुम्न सिंह ने खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. प्रमोद गुप्ता ने पौध संरक्षण तकनीकों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना एवं प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, फसल विविधिकरण व जैविक खेती का प्रचार-प्रसार करना साथ ही आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बेहतर कदम है। इस अभियान के तहत प्रमुख गतिविधियों के अंतर्गत किसानों से संवाद एवं कार्यशालाएं आयोजित करना, वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना, किसानों की समस्याओं का समाधान चर्चा के माध्यम से करना साथ ही प्रदर्शनी एवं तकनीकी प्रदर्शनी, नवीनतम कृषि यंत्रों, जैविक उत्पादों और सिंचाई तकनीकों की प्रदर्शनी, स्वदेशी बीजों और उन्नत किस्मों की जानकारी देना,।

## भाजपा की प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी आज

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर द्वारा आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा प्रोफेशनल मीट का आयोजन बुधवार 11 जून को शाम 5 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में किया गया है। कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) संबोधित करेंगे। इस अवसर पर केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया जायेगा।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा का आगमन बुधवार को दोपहर 3:30 बजे डुमना एयरपोर्ट पर होगा। श्री सोनकर ने बताया भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह उपस्थित रहेंगे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 10-06-2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मीरा दीक्षित पति स्व. श्री बसंत दीक्षित ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 3254 दीक्षित किराना के पास गौरैया घाट तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000381800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1240RCC वर्गफुट शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. बसंत कुमार पिता तुलसीदास दीक्षित का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,नगर निगम जबलपुर





# यूको बैंक ने किया कार्निवल का आयोजन

जबलपुर। यूको बैंक द्वारा मंगलवार को एमएसएमई, एग्री, रिटेल और रिसोर्स कार्निवल का आयोजन किया गया। इस कार्निवल में हेड ऑफिस से महाप्रबंधक श्रीमती लकी नायक एवं अंचल कार्यालय से अंचल प्रबंधक लोकेश कुमार उपस्थित रहे और बैंक के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्राहकों को अवगत कराया गया। यूको बैंक ने प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन पर ध्यान दिया और जून तिमाही में एमएसएमई कार्निवल को 3 चरणों में आयोजित किया गया, जिसका तीसरा चरण गत दिवस संपन्न किया गया। इस अवसर पर शीतल लंके, तेजल देवरी शाखा की प्रबंधक आदि मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से ग्रहकों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/41
दिनांक:- 10/06/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बिल्लू सिंह पिता श्री त्रिलोक सिंह ने मकान नं. दु. नं.-8 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान बैसमेंट-185 व.फु., भूतल 185 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/43
दिनांक:- 10/06/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अतुल अग्रवाल (एच.यू.एफ.)द्वारा कर्ता श्री अतुल अग्रवाल पिता स्व. श्री जागेश्वर नाथ अग्रवाल ने मकान नं. 636/1एफ 101 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 888 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/42
दिनांक:- 10/06/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री कृष्ण कांत गुप्ता पिता श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता (2)श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति श्री कृष्ण कांत गुप्ता ने मकान नं. 244 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 80 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

अधिकारियों की कारस्तानी का हर्जाना भुगत रहे किसान

# पाबंदी दवा पर लगे, न कि मूंग की सरकारी खरीदी पर

आत्माराम सोनी ⏭ भोपाल

सोसाइटी प्रबंधक, विफल मैनेजमेंट और अधिकारियों की कारस्तानी का हर्जाना मध्यप्रदेश के मूंग का उत्पादन करने वाले किसान भुगत रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त लोगों द्वारा आधी मिट्टी और मूंग की बिक्री की बदौलत सरकार ने मूंग की सरकारी खरीदी से इंकार कर दिया है।

दलहन -तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव के अनुसार दवाइयों के झूठा बहाना बनाकर मूंग खरीदी से इंकार करना उचित नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह कि यह दवाई तो सभी फसलों में डाली जाती है और तो और तत्कालीन मूंग कंटेनर में चाइना और अमेरिका तक जा रही है और वहां के लैब में पास भी है। उन्होंने बताया कि मूंग की सरकारी खरीदी नहीं होने की वजह किसानों को 2500 से 3000 प्रति क्विंटल का घाटा हो रहा है। मंडी में इस समय 2.50 लाख से 3 लाख क्विंटल मूंग की आवक हो रही है और 5500 से 6000 प्रति क्विंटल के भाव तक बिक रही है। वहीं वनापुरा के मूंग व्यापारी हर्ष माहेश्वरी के अनुसार असल में सरकार ने जो भी मूंग 2021 से लेकर 2024 तक खरीदी है उनमें सभी की मिली भगत से 10 से 15 किलो की मिट्टी और झिरी की मिलावट हुई। जिसकी वजह से सरकार इसकी बिक्री भी नहीं कर पा रही है अतः अपनी नाकामी को छुपाने दवाई की आड़ लेकर किसानों से एमएसपी पर मूंग की खरीदी नहीं की जा रही है।

अलग खबर

> बीते साल मिलीभगत से हुई मूंग में 10 से 15 किलो की मिट्टी और झिरी की मिलावट, अब नहीं हो पा रही बिक्री

> मप्र की मूंग कंटेनर में जा रही चाइना और अमेरिका और वहां के लैब में हो रही पास



### मूंग की बिक्री जारी खरीदी बंद

*जानकारों के अनुसार मूंग में रासायनिक दवाओं का अत्यधिक प्रयोग हुआ है, इसलिए उसे जहरीला करार दिया गया है। इसके बावजूद राज्य की मंडियों में मूंग की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि फसल वाकई जहरीली है, तो इसकी खुलेआम बिक्री क्यों हो रही है? उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सरकार की नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं।*

### सरकारी खरीदी से इंकार, मंडियों में धड़ल्ले से बिक रही जहरीली मूंग !

*किसान और किसान नेता तथा पूर्व मंडी अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार ने कहाकि गर्मी की मूंग को रासायनिक अंशों के चलते 'जहरीला' करार देकर एमएसपी पर खरीदी बंद है, लेकिन वही मूंग खुले बाजार में 5500–6000 रुपए प्रति क्विंटल पर धड़ल्ले से बिक रही है। मूंग की सरकारी खरीदी से इनकार कर दिया गया है। इससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। मध्य प्रदेश में गर्मी के सीजन की मूंग खरीदी पंजीयन की दिनांक पिछले दिनों घोषित हुई थी, लेकिन अब एमएसपी (8683 रुपए) पर मूंग खरीदी प्रस्ताव मध्यप्रदेश सरकार ने केंद्र को नहीं भेजा है। बीते साल 20 मई से पंजीयन का कार्य शुरू हो गया था। सरकार ने साफ कर दिया है कि गर्मी की मूंग नहीं खरीदी जाएगी। पाटीदार के अनुसार मूंग के जहरीली होने की अफवाह की चक्की में इन दिनों मध्यप्रदेश का मूंग उत्पादक किसान वेबजह पिस रहा है। मध्यप्रदेश में मूंग की फसल को जहरीली करार देना उचित नहीं हैं। पाबंदी दवा कंपनी पर लगनी चाहिए, न कि मूंग की सरकारी खरीदी पर।*

### मूंग के रेट हुए धड़ाम, आधे रेट पर बिक रहीं मूंग, उत्पादकों को नुकसान

*प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का इंतजार कर रहे किसानों का सब्र अब टूटने लगा है। व्यापारी अब इसका फायदा उठाने लगे हैं। कई किसानों ने समर्थन मूल्य की आस में रबी सीजन के बाद ग्रीष्मकाल में मूंग की फसल बोई।फसल काटकर घर ले आए। परंतु समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी नहीं होने से मायूस है। उन्हें मजबूरी में मंडी में कम दाम पर उपज बेचनी पड़ रही है। पिछले वर्ष समर्थन मूल्य 8 हजार 558 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था। जबकि वर्तमान में कृषि उपज मंडी में मूंग 4 हजार से 6 हजार 826 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है।*

### मंडी अधिनियम की धारा 36(3) का क्यों नहीं हो रहा पालन : गौर

*भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने बताया कि मंडी अधिनियम की धारा 36(3) के अनुसार मंडी प्रांगण में ऐसी कृषि उपज जिसका सरकार ने समर्थन मूल्य घोषित किया है। मंडी प्रांगण में उस उपज के नियत घोषित समर्थन मूल्य से कम पर बोली प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। इस प्रकार का आदेश पत्र पूर्व में नर्मदापुरम जिले में जारी किया जा चुका है। जिसकी प्रतिलिपि जारी करते हुए गौर ने कहा कि यदि सरकार उड़द मूंग की खरीदी नहीं करती है तो प्रदेश सरकार सभी जिलों के कलेक्टर को मंडी अधिनियम की धारा 36(3) का पालन सुनिश्चित कराने आदेश जारी करे।*

---

बोले- किसानों, मिलर्स व्यापारियों और खरीदारों को मिलेगा फायदा

# आयातित तुअर दाल पर मंडी टैक्स खत्म करने का व्यापारियों ने किया स्वागत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

अब महाराष्ट्र से आने वाली तुअर की दाल पर मंडी टैक्स नहीं लगाया जाएगा। इससे प्रदेश में दाल मिलों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि दाल उत्पादन में भी काफी बढ़ोतरी होगी। इससे दाल मिलों को प्रोत्साहन मिलेगा। अभी 100 रुपए पर 1 रुपए मंडी शुल्क लगता था।

आयातित तुअर दाल पर मध्यप्रदेश कैबिनेट द्वारा मंडी टैक्स पूरी तरह खत्म करने का फैसले मिलर्स और व्यापारियों ने पुरजोर स्वागत किया है। कारोबारियों ने कहा कि इसका फायदा राज्य के किसानों, मिलर्स,व्यापारियों और खरीदारों को मिलेगा। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन सहित अनाज, दलहन -तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भागर्व ने कहाकि मंडी टैक्स हटने मध्य प्रदेश में दाल मिलों की संख्या बढ़ेगी। इससे कारोबारी दूसरे राज्यों से तुअर की दाल को मध्य प्रदेश लाकर मिलों में प्रोसेस कर सकेंगे, जिससे उत्पादन बढ़ेगा। वहीं, दाल मिलों के बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रोसेसिंग यूनिट्स, ट्रांसपोर्टेशन, पैकेजिंग और वितरण जैसे क्षेत्रों में श्रमिकों की जरूरत बढ़ेगी, जिससे युवाओं और कुशल-अकुशल श्रमिकों को काम मिलेगा। इसके साथ ही मध्य प्रदेश में दलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा मिलेगा। दाल की मांग बढ़ने से बाजार में बेहतर दाम मिलेंगे, जिससे उनकी आय में सीधा इजाफा होगा।



---

तीन साल की समाप्ति के बाद रिटर्न दाखिल करने पर रोक

# कर अवधि जुलाई 2025 से जीएसटी पोर्टल पर होगी लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी नेटवर्क ने कहा कि जुलाई कर अवधि की शुरुआत से, जीएसटी करदाता मूल फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जुलाई 2025 की कर अवधि का मतलब है कि करदाता इस साल अगस्त में मासिक रिटर्न दाखिल करेंगे। एक परामर्श में, माल और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि करदाता फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल की समाप्ति पर जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-3बी, जीएसटीआर-4, जीएसटीआर-5, जीएसटीआर-5ए, जीएसटीआर-6, जीएसटीआर-7, जीएसटीआर-8 और जीएसटीआर-9 दाखिल नहीं कर पाएंगे। समय सीमा के संबंध में माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन वित्त अधिनियम, 2023 के माध्यम से प्रभावी किए गए थे। इस प्रकार देयता के भुगतान से संबंधित रिटर्न, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर एकत्रित कर के अलावा जीएसटी आउटवर्ड सप्लाई रिटर्न समय-बाधित हो जाएंगे। जीएसटीएन द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि तीन साल की समाप्ति के बाद रिटर्न दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी। उक्त प्रतिबंध जुलाई 2025 कर अवधि से जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा। इसने करदाताओं को सलाह दी कि यदि उन्होंने अब तक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो वे अपने रिकॉर्ड का मिलान कर लें और जल्द से जल्द अपना जीएसटी रिटर्न दाखिल करें। इससे पहले अक्टूबर में, जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने करदाताओं को सचेत किया था कि कर प्रतिबंध का उक्त प्रावधान 2025 की शुरुआत में लागू किया जाएगा।




---

### जैनिक पावर केबल्स का आईपीओ खुला

**मुंबई।** जैनिक पावर केबल्स लिमिटेड ने एंकर निवेशकों के लिए और अन्य निवेशकों के लिए आईपीओ की पेशकश की है। कंपनी 51.30 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रख रही है। कंपनी के कुल 46,63,200 इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य 10 प्रति शेयर है। प्राइस बैंड – 100 से 110 प्रति शेयर है। जबकि इक्विटी शेयर आवंटन क्यूआईबी 4,45,200 शेयर तक, गैर-संस्थागत निवेशक कम से कम 19,92,000 शेयर, रिटेल निवेशक कम से कम 19,92,000 शेयर और मार्केट मेकर 2,34,000 शेयर तक है। आईपीओ से प्राप्त राशि का उपयोग नए प्लांट की स्थापना, ऋण की आंशिक अदायगी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

---

# मनोरंज शो की वापसी




**जबलपुर।** अप्रत्याशित और अजीबोगरीब शो फिर से वापस आ गया है, जो लेकर आया है हल्की-फुल्की, बे-उसूल कॉमेडी के साथ पागलपन, हँसी और दोस्ती। खतरा खतरा खतरा पूरे देश में दर्शकों को गुदगुदाते हुए कलर्स रिश्ते पर प्रसारित हो रहा है, जो डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध है। इस शो को एक अनोखा जायका दे रहे हैं हर्ष लिंबाचिया, जिनकी बेहतरीन कॉमिक टाईमिंग और बिहाईंड-द-सीन प्रैंक्स ने उन्हें फैंस का चहेता बना दिया है। तानाकशी से भरे टास्क तथा ठिठोली से भरे गेम्स के साथ यह शो जबरदस्त सजाएं, सेलिब्रिटी मेहमान और अत्याशित डेयर्स पेश करता है।

---

# द वेल्थ कंपनी ने लांच किया 2000 करोड़ रुपए का भारत भूमि फंड

एजेंसी ⏭ मुंबई

पैंटोमैथ ग्रुप की अंग, द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी पांचवीं भारत वैल्यू फंड सीरीज के तहत भारत भूमि फंड लांच किया है, जो 1000 करोड़ का कैटेगरी-2 एआईएफ है और इसमें 1000 करोड़ का ग्रीन शू ऑप्शन है। यह फंड भारत के वृद्धि दर्ज करते रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी-शैली की कठोरता लाता है, जिसमें उच्च अवसर वाले कॉरिडोर और मुख्य शहरों में निष्पादन के लिए तैयार परियोजनाओं पर केंद्रित दृष्टिकोण है। द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और निदेशक, मधु लूनावत ने कहाकि द वेल्थ कंपनी के लिए रियल एस्टेट कोई नई दिशा नहीं है, यह पोर्टफोलियो में विविधता लाने की आवश्यकता के साथ जुड़ी एक स्वाभाविक प्रगति है। यह परिसंपत्ति वर्ग मूर्त मूल्य, जोखिम-प्रबंधित रिटर्न और अनुशासित पूंजी निवेश पर ध्यान केंद्रित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह फंड डेवलपर की मानसिकता और निवेशकों की अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने के लिए तैयार किया गया है, जो विशेषज्ञ ऑपरेटरों और निष्पादन नियंत्रण द्वारा समर्थित भौतिक परिसंपत्ति वर्ग पर हॉलमार्क अंडरराइटिंग और शासन ढांचे को लागू करता है। इस फंड का नेतृत्व राकेश कुमार कर रहे हैं, जिनके पास 50,000 से ज़्यादा रियल एस्टेट हस्तांतरण और शेल, वॉलमार्ट और रिलायंस में वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिका निभाने का अनुभव है। इनके साथ भव्य बागरेचा भी हैं, जिन्होंने संस्थागत रियल एस्टेट निवेश में 2,500 करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है।

---

# चांदी चमकी, 1.07 लाख रुपए किलो के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंची




वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। एमसीएक्स में चांदी 2700 रुपए उछलकर 109692 रुपए किलो के स्तर पर पहुंच गई।

इससे पहले चांदी 1,06,992 प्रति किलो पर पहुंच गई थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 495 बढ़कर 96,359 पर पहुंच गया। इससे पहले सोने की कीमत 95,864 प्रति 10 ग्राम थी। सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### इस साल अब तक 20,197 महंगा हो चुका है सोना

*बाजार जानकारों के अनुसार इस साल अब तक 20,197 महंगा हो चुका है सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,197 रुपए बढ़कर 96,359 रुपए पर पहुंच गया है। वही चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,983 रुपए बढ़कर 1,07,000 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।*




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

---

मप्र के केंद्रों पर होगी 2,36,219 टन सोयाबीन की नीलामी

# सरसों और सोयाबीन की बिक्री होने से कीमतों पर पड़ेगा दबाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

केंद्र सरकार की अधीनस्थ एजेंसी नैफेड द्वारा पिछले खरीफ सीजन में सोयाबीन तथा मूंगफली की भारी खरीद किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की गई। उसी तरह 2025 के रबी मार्केटिंग सीजन में सरसों की अच्छी खरीदी की गई। अब इस स्टॉक को बेचने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, जिससे बाजार में इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों पर दबाव पड़ेगा। इससे किसानों को अपने पास मौजूद तिलहनों के शेष स्टॉक को लाभप्रद मूल्य पर बेचने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के केंद्रों पर 2,36,219 टन सोयाबीन की नीलामी की जानी है। 5 जून 2025 को हरियाणा के कई केंद्रों पर 1,01,758 टन सरसों की बिक्री का टेंडर जारी किया गया, जिसकी नीलामी का समय दोपहर 12 से 12.45 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। सरसों की नीलामी बिक्री पहले से ही होती रही है। अब सरकारी एजेंसी ने सोयाबीन की बिक्री के लिए भी 4 जून 2025 को एक टेंडर जारी किया है जिसका समय पूर्वाहन 11.00 से 11.30 बजे के बीच नियत किया गया है। इसके तहत तेलंगाना के 20 केंद्रो पर 44828.2 टन तथा मध्य प्रदेश के केंद्रों पर 2,36,219 टन सोयाबीन की नीलामी की जानी है। सोयाबीन का भाव अब भी 4892 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे चल रहा है। इससे पूर्व 2 जून 2025 को जो नीलामी आयोजित हुई थी उसमें सोयाबीन की बिक्री 4370 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की गई। इस तरह सरकार द्वारा 522 रुपए प्रति क्विंटल के घाटे के साथ सोयाबीन की बिक्री की गई। किसान भी इस बिक्री से संतुष्ट नहीं हैं।



---

# जलवायु परिवर्तन ने भारत में अत्यधिक गर्मी और बारिश की स्थिति पैदा की: अविनाश मोहंती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में 2030 तक 10 में से 8 जिलों में इस तरह के अत्यधिक बारिश की अनेक घटनाएं घटने जा रही हैं। यह खुलासा आईपीई-ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा जारी अपने तरह के पहले स्वतंत्र अध्ययन में किया गया है। बार-बार अप्रत्याशित और अत्यधिक गर्मी एवं बारिश होने की ये घटनाएं हाल के दशकों में काफी बढ़ी हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु परिवर्तन एवं स्टैनबिलिटी व्यवस्था के प्रमुख और इस अध्ययन के अग्रणी लेखक अबिनाश मोहंती ने कहाकि यह अध्ययन और इसके कठोर निष्कर्ष यह बताते हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

---

## शब्द पहेली - 5894



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली- 5893 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

---

## सूडोकु बवाल - 5904

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5903 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।



लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।

## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

***नई दिल्ली।** इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*




**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।



**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*



**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

# टेस्ट क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने वाला है। रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी गेंदबाज टीम का हिस्सा नहीं हैं। अश्विन ने संन्यास ले लिया है और शमी को टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। ऐसे में गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती रहने वाली है। आइए उन सक्रिय भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में रविंद्र जडेजा के आंकड़े कमाल के रहे

### रविंद्र जडेजा (70 विकेट)

सूची में पहले स्थान पर भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था। उन्होंने अब तक 20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 37 पारियों में 32.57 की औसत से 70 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनके नाम 2 बार 5 विकेट हॉल भी है। इंग्लैंड के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/48 विकेट का रहा है। दोनों पारियों को मिलाकर जडेजा ने एक बार 10 विकेट भी लिए हैं।



### जसप्रीत बुमराह (60 विकेट)



दूसरे स्थान पर भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। उन्होंने इस टीम के खिलाफ अपना पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 14 मुकाबले खेले हैं और इसकी 26 पारियों में 22.16 की उम्दा औसत के साथ 60 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। बुमराह ने 3 बार 5 विकेट हॉल भी अपने नाम किए हैं। उनका इंग्लैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 विकेट का रहा है।

### मोहम्मद शमी (44 विकेट)



इस सूची में शमी तीसरे स्थान पर हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उनको लेकर कहा था कि, वह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। इसी कारण उनका चयन नहीं हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शमी ने 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इसकी 27 पारियों में 38.29 की औसत से 44 विकेट लिए हैं। वह एक बार भी 5 विकेट हॉल लेने में सफल नहीं हो पाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/57 का रहा है।

### अक्षर पटेल (32 विकेट)



इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 10 पारियों में 15.37 की उम्दा औसत के साथ 32 विकेट लेने में सफल रहे हैं।उन्होंने 4 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/38 का रहा है। इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद अक्षर को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।

## खबर संक्षेप



### रेसवॉकर प्रियंका ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आसट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। इंसब्रुक में पुरूषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे। प्रियंका गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा ,'' एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था।

### रुतुराज यार्कशायर टीम से खेलते आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ करार किया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज गायकवाड़ के काउंटी चैंपियनशिप के 5 मैचों के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। वह अगले महीने सरे के खिलाफ होने वाले चैंपियनशिप मैच से पहले टीम में शामिल होंगे। इसके साथ-साथ वह इस टीम के साथ वनडे कप में भी हिस्सा लेंगे। फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर मौजूद हैं गायकवाड़ इस समय इंडिया-ए टीम का हिस्सा बनकर इंग्लैंड में हैं, लेकिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अब तक दोनों ही मैचों में नहीं खेले हैं। दरअसल, 28 वर्षीय गायकवाड़ पिछले 2 महीने से ज्यादा समय से मैदान पर नहीं उतरे हैं। वह आईपीएल 2025 में कोहनी में चोट लगा बैठे थे और बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। वह इस सीजन में सीएसके की कप्तानी कर रहे थे।

### इलावेनिल को आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए।



## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मुकाबला आज से

# अफ्रीका चाहेगी पहली बार खिताब हथियाना ऑस्ट्रेलिया भी कड़ी चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का फाइनल मुकाबला दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 11 जून से होगा। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में यह प्रतिष्ठित मुकाबला खेला जाएगा। तेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली बार यह खिताब जीतना चाहेगी, जबकि पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।



### ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। टेस्ट प्रारूप में अब तक ये दोनों टीमें कुल 101 मैचों में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 54 टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं, जबकि 26 टेस्ट प्रोटियाज टीम ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 21 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। तटस्थ मैदानों पर दोनों टीमें 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज (ड्रॉ-1) की है।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की टीम से एक बार फिर उस्मान ख्वाजा पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। गेंदबाजी में कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तिकड़ी कहर बरपाने के लिए तैयार होगी। नाथन लियोन पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी। ब्यू वेबस्टर को मौका मिल सकता है।

संभावित एकादशः उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, और जोश हेजलवुड।

### ड्रॉ होने पर कौन बनेगा चैंपियन

टेस्ट मैच अधिकतर ड्रा ही होते हैं और बहुत ही कम चांस जीत हार के होते हैं। ऐसे में यह कयास लगाया जाना लाजिमी है कि अगर यह मुकाबला ड्रा रहता है तो कौन सी टीम विजेता घोषित की जाएगी और किसे ईनामी राशि 30 करोड़ रुपए मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार भारत को हराकर पहला डब्ल्यूटीसी खिताब जीता था। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा अपनी टीम को पहला विश्व टेस्ट खिताब दिलाने की कोशिश में हैं। अगर मैच ड्रॉ या रद्द हो जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर दिया जाएगा।

### विजेता को मिलेगी 30 करोड़ की इनाम राशि

आईसीसी ने इस बार विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना से भी ज्यादा कर दिया है। फाइनल जीतने वाली टीम को 30 करोड़ की इनामी राशि मिलेगी। जबकि उपविजेता टीम को 18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### ऐसी हो सकती है दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने बताया है कि रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम टीम की सलामी जोड़ी होगी। काइल वेरिन टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज हो सकते हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग से प्रभावित किया है। तेज गेंदबाजी का कार्यभार कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी के कंधो पर होगा।

संभावित एकादशः एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन, टोनी डी जोरजी, तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, मार्को येंसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, और लुंगी एनगिडी।

## पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

# सिर्फ 29 साल की उम्र में लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। उन्होंने सिर्फ 29 साल की उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलने वाले पूरन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की। वह अपने अब तक के करियर में वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी भी कर चुके थे।

### इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया ऐलान

पूरन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'काफी सोच-विचार के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है। इस खेल ने वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।' पूरन का संन्यास का फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि अगले साल ही टी-20 विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में होना है।

### प्रो लीग : लगातार दो हार के बाद अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन।** लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी में तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिये यूरोप चरण की शुरूआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

# भारत से टेस्ट मैच के पहले इंग्लैंड को झटका, तेज गेंदबाज जोश हुए चोटिल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। उनके तेज गेंदबाज जोश टंग को इंडिया ए के खिलाफ नॉर्थम्प्टन में चल रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान चोट लग गई है। इस चोट के कारण टंग का हेडिंग्ले, लीड्स में होने वाले पहले टेस्ट में खेलना अनिश्चित हो गया है। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है, लेकिन इंग्लैंड के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि टंग को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुना गया था। जोश टंग केवल चार ओवर गेंदबाजी कर सके और इसके बाद मैदान छोड़कर चले गए।

## क्रिकेट

# केंट पहुंचे अर्शदीप, इंग्लैंड टेस्ट से पहले लय हासिल करने की कोशिश



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं जहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है और इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिये काउंटी चैम्पियनशिप खेल चुके हैं उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिये भी शानदार गेंदबाजी की।

### गेंदबाजी के कौशल को निखारने की कोशिश

उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिये गेंद को खेलना आसान नहीं होगा।

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai
Phone : 07659-299469, E-mail : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808855
No. 001-04/P&W/NIT/582 Chachai, Dated : 06.06.2025

**NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimate Cost (in Rs.) | EMD (in Rs.) | Date and Time for closing of online submission | Date and Time for Opening of e-tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 422100 | Biennial work contract for round the clock cleaning of CHP 210 MW consisting of conveyor 21 A/B to 28 A/B including rotary breaker, reject conveyor, belt feeders, etc. of 210 MW ATPS Chachai. | 2,03,16,640/- including GST | 2,03,200/- | Dtd. 26.06.2025 Up to 15.00 hrs. | Dtd. 30.06.2025 from 15:30 hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 422059_1 | Annual work of cleaning of drain, cleaning & sweeping of road footpath, paved area open removal of gajar grass and disposal of dead animals from power house premises at ATPS Chachai. | 10,78,784/- including GST | 21,600/- | Dtd. 07.07.2025 up to 15:00 hrs. | Dtd. 09.07.2025 from 15:30 hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 418801_1 | Proposal for annual civil maintenance work of residential quarters and public buildings situated in upper & middle and lower colony area at ATPS, Chachai. | 44,37,980/- including GST | 88,800/- | Dtd. 07.07.2025 up to 15:00 hrs. | Dtd. 09.07.2025 from 15:30 hrs. onwards |

**Note :** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in**, any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/120566/2025 // SAVE ELECTRICITY // SE (P&W)

**कार्यालय सेनानी 6 वी वाहिनी विसबल जबलपुर**
Email-co6bn_saf@mppolice.gov.in फोन- 761-2676199 फैक्स- 263399
क्रमांक/6वी बटा/विसब/जबल/साआ/B/2577A/2025 दिनांक 06/06/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय संपत्तियों का संधारण - अनुरक्षण मद में इकाई को आवंटित बजट के अन्तर्गत प्राक्कलन के अनुसार प्रशासकीय भवनों ( डीजीपीआर मैगजीन भवन क्रमांक 6, 7, 8, 9, 10, क्यूआरएफ कोत भवन, गार्ड रूम एवं यूनिट अस्पताल में मरम्मत कार्य कराने हेतु ई - निविदा आमंत्रित है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर भेज सकते है ।

सेनानी
6 वी वाहिनी विसबल
जबलपुर

G-14144/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र.**

क्रमांक/चिकि.क्रय /2025/ / जबलपुर दिनांक

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर म.प्र. द्वारा विभिन्न निविदाये निविदाकताओं से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्ते एवं महत्वपूर्ण तिथियों / अमानत राशि की जानकारी ऑनलाइन www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं! निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| | |
|---|---|
| 1 | चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश के वाहन स्टेण्ड का संचालन आउट सोर्स के माध्यम से कराने हेतु तृतीय निविदा www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । |
| 2 | मेडिकल कॉलेज एवं संबंध चिकित्सालयों जबलपुर में स्थापित सेन्ट्रल गैस पाईप लाईन / सक्शन लाईन / कम्प्रेस्ड एयर पाईप लाईन का सुधार एवं रख-रखाव का कार्य आउट सोर्स के माध्यम से संचालन कराने हेतु तृतीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है |
| 3 | चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सलय जबलपुर में भर्ती मरीजों को लगने वाले के Implants का Day to Day क्रय हेतु निमार्ता एवं अधिकृत विक्रेताओं से ई-निविदा आमंत्रण हेतु आनलाईन वेवसाईड www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है |
| 4 | चिकित्सालय में लगने वाली प्रिंटिंग, स्टेशनरी, सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रण आनलाईन वेवसाईड www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय जबलपुर

G-14169/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्य प्रदेश शासन
**कार्यालय वनमण्डल अधिकार दक्षिण ( उत्पा.) वनमण्डल बालाघाट म.प्र.**
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / ई-टेंडरिंग / 2025-26 4896 बालाघाट दिनांक 27/05/25

दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट के अतंर्गत गर्रा एवं लांजी डिपो में घोष विक्रय एवं निविदाओं के समय ठेकेदारों / संविदाकारों हेतु की जाने वाली टेंट व्यवस्था आदि हेतु ई - निविदा प्रस्तावित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | प्रदाय की जाने वाली समाग्री | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 01 | गर्रा एवं लांजी डिपो में घोष विक्रय एवं निविदाओं के समय ठेकेदारों / संविदाकारों हेतु की जाने वाली टेंट व्यवस्था आदि हेतु ई-निविदा प्रस्तावित की जाती है। | 1. सिलिंग 15 X 15 फुट | आवश्यकतानुसार |
| | | 2. साईडिंग 10 X 10 फुट | |
| | | 3. मेंटिंग 15 X 30 फुट | |
| | | 4. दरी 10 X 10 फुट | |
| | | 5. टेबल 2.5 X 4 विथ टेबल क्लाथ 15 नग | |
| | | 6. कुर्सी (फायरवर) | |
| | | 7. साउण्ड सिस्टम विथ माईक चैनल | |
| | | 8. पेडेस्टल पंखा (आवयश्कतानुसार) | |
| | | 9. कूलर ( आवयश्कतानुसार ) | |
| | | 10. लाईट (आवयश्कतानुसार ) | |
| | | 11. जनरेटर डीजल सहित | |

ऊपर दी गयी समस्त सामग्री हेतु प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रीत की जाती है। ई-निविदा संबंधित समस्त जानकारी एवं दस्तावेज www.mptender.gov.in पर प्रकाश दिनांक 06/06/2025 से दिनांक 19/06/2025 तक समय सांय 05 :00 बजे तक देखी / प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 06/06/2025 | 11:00 |
| 2 | Document Sale Start Date | 06/06/2025 | 12:00 |
| 3 | Bid Submission Start Date | 06/06/2025 | 12:00 |
| 4 | Bid Submission End Date | 19/06/2025 | 17:00 |
| 5 | Bid Opening Date | 22/06/2025 | 12:00 |

G-14145/25 वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण उत्पादन वनमण्डल बालाघाट

- सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब
- कटनी की इस्पात कंपनी से जुड़ा प्रकरण
- जांच एजेंसी के रवैये पर सवाल
- जांच सीबीआई को सौंपने की चेतावनी

# यूरो प्रतीक को हड़पने वालों की क्यों नहीं हो रही गिरफ्तारी

हरिभूमि जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट ने कटनी की इस्पात कंपनी यूरो प्रतीक को हड़पने वालों की गिरफ्तारी नदारद होने के प्रकरण में राज्य शासन से जवाब-तलब किया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व जस्टिस मनमोहन की खण्डपीठ ने इसके लिए चार सप्ताह की मोहलत दी । सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि यह मामला संज्ञान में आ चुका है। यदि मौजूदा जांच एजेंसी का रवैया इसी तरह ढुलमुल रहा तो जांच सीबीआई को सौंपने पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश के आरोप कटनी के भाजपा विधायक संजय पाठक के पूर्व कर्मचारी महेंद्र गोयनका पर लगे हैं।



बता दें कि कटनी के माधव नगर में रहने वाले हरनीत सिंह लाम्बा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के नौ अक्टूबर, 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी के हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड के छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद हाई कोर्ट ने विगत 22 अप्रैल को आईजी को तलब करते हुए कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के आदेश के विरुद्ध डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव की ओर से दायर अपील निरस्त होने के बाद कंपनी के डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल और कंपनी की सेक्रेटरी लाची मित्तल की ओर से एक पुनर्विचार याचिका हाई कोर्ट में दायर की थी। जिस पर हाई कोर्ट ने डीजीपी को कहा था कि वह तय करे कि किस एजेंसी से मामले की जांच कराई जाए। हाई कोर्ट के उक्त आदेश को चुनौती देते हुए सुरेन्द्र सिंह सलूजा ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## राजनीतिक दवाब में कृषि विस्तार अधिकारी का प्रभार देने पर रोक

हाईकोर्ट ने अनूपपुर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ कृषि विस्तार अधिकारी का प्रभार अनावेदक को दिए जाने संबंधी आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने कोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

मामला पुष्पराजगढ़ विकासखंड के कृषि विस्तार अधिकारी प्रहलाद सिंह टेकाम की ओर से दायर किया गया। दलील दी गई कि जिला कलेक्टर ने छह मई, 2025 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड पुष्पराजगढ़ को प्रभार से मुक्त करते हुए राम किशोर सिंह पटले कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड कोतमा को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड पुष्पराज का कार्य प्रभार अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपने का आदेश पारित किया, जो कि अनुचित है। आवेदक का आरोप है कि उक्त कार्यवाही राजनीति से प्रेरित है।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने लिखा था पत्र

दलील दी गई कि भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के द्वारा 10 मार्च, 2025 को कलेक्टर अनूपपुर को पत्र लिखा गया था कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पुष्पराजगढ़ का प्रभार रामकिशोर सिंह पटले वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कोतमा जिला अनूपपुर को दिया जाए। इसके उपरांत ही कलेक्टर ने उक्त आदेश जारी किया। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने कलेक्टर के आदेश पर रोक लगाते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

पीएसएम प्राचार्य जांच कर्ता अधिकारी नियुक्त

## डीईओ पर लगे आरोपों की जांच के आदेश

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के तबादले को लेकर बवाल मचा हुआ है। एक पक्ष जहां उन्होंने शुरु से विरोधी रहा है और एक पक्ष समर्थक रहा है। इस बीच तबादले की वजह कुछ और बताई जा रही है। दराअसल गत 20 मई 2025 को आयुक्त लोकशिक्षण मध्य प्रदेश शिल्पा गुप्ता द्वारा जारी एक आदेश में उनके खिलाफ जांच जांच प्रस्तावित की गई। 30 दिन के अंदर जांच प्रतिवेदन भी अभिमत के साथ मांगा गया है। जारी आदेश के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को संचालनालय द्वारा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के पत्र क्रमांक 4444 दिनांक 15 अक्टूबर 2024 के क्रम में मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966) के नियम 14 के तहत आरोप पत्र जारी कर 21 दिन के अंदर प्रतिवाद चाहा गया है। श्री सोनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद का परीक्षण करने के बाद यह पाया गया की प्रकरण में उदभूद तथ्यों की स्पष्टता नहीं होने के कारण प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये विस्तृत जांच अति आवश्यक है। लिहाजा संचालयानय ने उपरोक्त नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला शिक्षा अधिकारी पर लगाए गये आरोप की जांच करने के लिये। सहदेव सिंह मरावी (अपर संचालक) प्राचार्य शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन (पीएसएम) जबलपुर को जांचकर्ता अधिकारी और सहायक संचालक कार्यालय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण जबलपुर संभाग को प्रसतुत कर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को निर्देश किया गया है की 30 दिन के अंदर जांच पूर्ण कर अपना तथ्यात्मक प्रतिवेदन अभिमत के साथ संचालनालय को प्रस्तुत करेंगे।

धीमी चाल चल रहा मानसून

## उमस भरी गर्मी से जनजीवन परेशान

**जबलपुर।** मानसून के अनुकूल वातावरण बनने के बाद भी मानसून आने में देर हो रही है और बारिश नहीं होने की वजह से उमस भरी गर्मी जनजीवन को बेचैन कर रही है। मंगलवार को मौसम खुला रहा,



पिछले तीन दिनों से पारा लगातार उछाल मार रहा है। मंगलवार को भी पारा 45.5 डिग्री पर रहा और चटक धूप लोगों को पसीना निकालती रही।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात पुरी के पास और अरब सागर में बना से उठा चक्रवात बाम्बे में आकर ठहर गया है. फिलहाल 13 जून तक जबलपुर में कोई भी बारिश के आसार नहीं हैं. तापमान में बढ़त के संकेत जरूर मिल रहे हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 43 प्रतिशत और सायंकाल 26 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर-पूर्वी हवाएं 4-5 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है । प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 45.8 डिग्री खजुराहो में दर्ज हुआ।

गोसलपुर के बरनू तिराहा में बड़ी वारदात

## दिन दहाड़े एक लाख नगदी सहित 2 लाख के जेवर चोरी

हरिभूमि जबलपुर।

गोसलपुर थाना अंतर्गत बरनू तिराहे में कल दिन दहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और एक लाख रुपये नगद चोरी कर ले गये। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चोरी गये माल की कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई गई है। चोर घर खुला छोड़ गये थे, जिससे घर में चार पांच गाये घुस गईं थीं।

घटना के संबंध में गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरनू तिराहा निवासी श्रीमति शीला पटेल घर में ताला लगाकर अपनी बेटी दामाद के साथ गोसलपुर



में आयोजित एक निमंत्रण में गई थी।

इस बीच चोरों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर दोपहर 12।30 से 5 बजे के बीच में चोरों ने सेंध लगाई और घार में रखी चांदी के जेवर 1 लाख रुपये नगदी पार कर दिये। चोर चांदी के 10 सिक्के, 2 जोड़ी पायल भी ले गये, साथ ही चोरों ने अलमारी में रखा 1 लाख भी उड़ा दिया।

साथ ही सोने का हार, 1 मोहन माला, 1 रानी माला, 2 मंगलसूत्र, 3 जोड़ी टाप्स, 1 जोड़ी झुमकी, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 2 करधन, सोने की बेंदी, बच्चों के छोटे छोटे जेवर तथा नगदी सहित लगभग 2 लाख रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 276/25 धारा 305, 331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240